RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-324 | जयपुर, बुधवार, 20 मई 2026 | मूल्य-4 रुपये

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कुत्तों के डर के बीना जीना सबका हक

# खतरनाक और रेबीज संक्रमित आवारा कुत्तों को जान से मारने की अनुमति

### जो अफसर निर्देश न माने, उस पर अवमानना का केस चले

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इनकार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।

डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी।

सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए। अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें।'

#### गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को मारने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिलजुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें।

अदालत ने कहा 'पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं।'

**डॉग फीडर्स की भी जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया**

पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

### गृह मंत्री की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित

# चार राज्यों का सुरक्षा फॉर्मूला तय कुपोषण के खिलाफ जंग का ऐलान




जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में पहली बार मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में जगदलपुर में हुई इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए।

बैठक में राज्यों के विकास के साथ-साथ गंभीर सामाजिक और सुरक्षा मुद्दों पर कड़े फैसले लिए गए हैं। बैठक में चारों राज्यों में अपराध नियंत्रण, विशेषकर महिलाओं के उत्पीड़न और रेप जैसे मामलों पर जल्द फैसले लेने पर चर्चा की गई।

#### विकास, समन्वय और सीमावर्ती मुद्दों पर चर्चा

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्यों के बीच आपसी समन्वय, कानून व्यवस्था, सीमा विवाद, परिवहन, बिजली, जल संसाधन और आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। नक्सल प्रभावित रहे इलाकों में संयुक्त रणनीति और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल पर भी फोकस रहा।

#### बस्तर को नई पहचान देने की कोशिश

बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक खत्म होने के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस पर नजरें टिकी हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए केंद्र सरकार बस्तर को लेकर अपना भविष्य का विजन और बड़ा रोडमैप देश के सामने रखेगी।

इसके जरिए सरकार यह साफ संदेश देने की कोशिश कर रही है कि बस्तर अब केवल संघर्ष या नक्सलवाद की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में यह अंचल पर्यटन, निवेश, तेज विकास और बड़ी प्रशासनिक गतिविधियों के एक नए और मजबूत केंद्र के रूप में उभरेगा, जिसकी शुरुआत इस सफल बैठक से हो चुकी है।

# रणथंभौर टाइगर रिजर्व से दो बाघिन लापता

सवाई माधोपुर

रणथंभौर टाइगर रिजर्व से दो बाघिन लापता हो गई। आरबीटी-2504 (माही) और आरबीटी-2510 कई दिनों से नजर नहीं आ रही हैं, जिसके बाद वन विभाग ने सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। दोनों बाघिनों की तलाश के लिए पांच टीमें लगातार जंगल में पैदल पेट्रोलिंग कर रही हैं और करीब 100 कैमरा ट्रैप भी लगाए गए हैं।

डीएफओ मानस सिंह ने बताया - बाघिन टी-124 रिद्धि की बेटी आरबीटी-2504 (माही) और उसकी मां के बीच कई बार टेरिटोरियल फाइट हो चुकी है। 3 मई को भी दोनों के बीच टेरिटोरियल संघर्ष हुआ था, जिसके बाद से माही नजर नहीं आ रही है।

माही को आखिरी बार 2 मई को देखा गया था। यह बाघिन युवा है और अपनी अलग टेरिटरी बनाने की कोशिश कर रही थी। इसका मूवमेंट रणथंभौर के जोन नंबर 2, 3 और 4 के लेक एरिया में रहता था, लेकिन पिछले लगभग 17 दिन से वह कहीं दिखाई नहीं दी है।

डीएफओ के अनुसार टी-107 सुल्ताना की बेटी आरबीटी-2510 भी लंबे समय से वन विभाग की नजरों से ओझल है। यह बाघिन झूमर बावड़ी, फतेह कैफे, आमा घाटी और फलोदी क्षेत्र में विचरण करती थी। अक्सर बाघ 2407 के साथ देखी जाती थी।

# व्यापार समझौतों से भारत-नॉर्डिक देशों के साथ संबंधों में नए स्वर्णिम युग की शुरुआत होगी: पीएम मोदी

ओस्लो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओस्लो में तीसरे इंडिया-नॉर्डिक समिट में शामिल हुए। समिट में सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन, क्लीन एनर्जी, नई टेक्नोलॉजी और शांतिपूर्ण और खुशहाल भविष्य के लिए सहयोग को मजबूत पर जोर दिया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने नॉर्डिक देशों के नेताओं के साथ संयुक्त प्रेस मीट को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र, कानून के नियम और बहुपक्षवाद के प्रति साझा प्रतिबद्धता भारत और नॉर्वे को एक नेचुरल साझेदार बनाता है। दोनों देशों ने पश्चिम एशिया और वैश्विक तनाव के मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। पीएम मोदी ने कहा, 'आज भारत-नॉर्डिक समिट में शामिल होने पर मुझे खुशी हो रही है। इस समिट का आयोजन करने के लिए राष्ट्रपति का धन्यवाद करता हूं। इस समिट में मैं सभी नॉर्डिक नेताओं का स्वागत करता हूं। लोकतंत्र, कानून के नियम और बहुपक्षवाद के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता हमें नेचुरल साझेदार बनाती है। आठ वर्ष पहले हमने नॉर्डिक देशों के साथ अपने संबंधों को ऊर्जा और गति देने के लिए इस फॉर्मेट का गठन किया।

उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि पिछले कुछ वर्षों में हमने अपने संबंधों में विशेष प्रगति की है। 10 वर्षों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार चार गुना बढ़ा है। नॉर्डिक देशों के निवेश फंड भी भारत की रैपिड ग्रोथ में अहम साझेदार बन रहे हैं। पिछले एक दशक में नॉर्डिक देशों से भारत में निवेश में लगभग 200 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। तेजी से बढ़ते व्यापार और निवेश में भारत की ग्रोथ स्टोरी ने योगदान दिया है, साथ ही नॉर्डिक देशों की अर्थव्यवस्थाओं में भी बहुत सकारात्मक भूमिका निभाई और हजारों नई नौकरियां बनाई हैं। इस मजबूत नींव पर अपने संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमने हाल ही में कुछ महत्वपूर्ण पहल किए हैं।

पीएम मोदी ने कहा, अक्टूबर 2025 से नॉर्वे, आइसलैंड और अन्य ईएफटीए देशों के साथ हमने व्यापार और आर्थिक साझेदारी लागू की है।

# एक्ट्रेस ट्विशा की संदिग्ध मौत के मामले ने तूल पकड़ा

### एक्ट्रेस ट्विशा की डेडबॉडी पर मल्टीपल चोटें

भोपाल

भोपाल की एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले ने तूल पकड़ लिया है। एम्स भोपाल की शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बॉडी पर मल्टीपल चोटों के निशानों का जिक्र है। ट्विशा के परिजन शुरुआत से हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं, ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह और उनके वकील इनोश जॉर्ज कार्लो ने रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि रिपोर्ट केवल सेंसेशन फैलाने के इरादे से तैयार की गई है। रिपोर्ट में चोटों का जिक्र है, लेकिन कहां और कितनी चोट हैं, यह स्पष्ट नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सेकेंड पोस्टमॉर्टम या किसी भी एजेंसी से जांच कराने पर हमें कोई ऐतराज नहीं है। हम जांच में सहयोग करेंगे। इस मामले में पुलिस जांच पर सवाल उठ रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार जिस बेल्ट से फांसी लगाने की बात कही गई थी, उसे जांच अधिकारी पोस्टमॉर्टम के समय एम्स भोपाल नहीं ले गए थे। पोस्टमॉर्टम में हुई चूक के बाद ट्विशा के परिजन ने मामले की जांच मध्य प्रदेश से बाहर किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने और दिल्ली एम्स में दोबारा पोस्टमॉर्टम की मांग की है।

# ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या करने वाले को 500 करोड़ देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ रूपए से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है। आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। इस बीच ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान पर मंगलवार को होने वाला हमला फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और-श्व जैसे गल्फ देशों के नेताओं ने बातचीत को मौका देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था।

# विधायक रविंद्र भाटी ने खुद पर पेट्रोल छिड़का

### 5 घंटे प्रशासन से चली वार्ता नहीं बनी सहमति

बाड़मेर

बाड़मेर में विरोध प्रदर्शन के दौरान शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। समर्थकों ने कपड़े से तुरंत पेट्रोल को पोंछ दिया। इसी दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी विधायक भाटी और उनके समर्थकों को धक्के मारते हुए ले गए।

भाटी एक बैग में अपने साथ पेट्रोल भरी बोतल लेकर आए थे। उन्होंने बैग से बोतल निकाली और खुद पर छिड़क ली। पुलिस उन्हें पकड़कर कलेक्ट्रेट के अंदर ले गई है। यहां कलेक्टर चिन्मयी गोपाल और एसपी चुनाराम जाट ने उनसे करीब 5 घंटे तक वार्ता की।

भाटी ने मीडिया से बातचीत में कहा- लिग्नाइट माइंस के मजदूर लोगों के हक और अधिकार के लिए यह आंदोलन जारी रहेगा। आज प्रशासन के साथ वार्ता हुई है, जिसमें कई बातों पर सहमति बनी, लेकिन कुछ बातों पर अभी तक सहमति नहीं बनी है। कल बुधवार को फिर वार्ता का दौर शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों की मांगे नहीं मानी जाती है, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। जनप्रतिनिधियों को एसी के कमरों से बाहर निकलकर जनता के हक के लिए लड़ाई लड़नी चाहिए।

### नीट यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

# परीक्षा में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट (यूजी) री-एग्जाम की तैयारियों की समीक्षा की है। पुनर्परीक्षा की तैयारियों पर उन्होंने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। बता दें कि नीट यूजी की यह परीक्षा अब 21 जून को होनी है। पहले यह परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी, लेकिन पेपर लीक होने के बाद 11 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई।

फिलहाल, सीबीआई इस पूरे प्रकरण की गहन जांच कर रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मंगलवार को हुई इस बैठक में नीट यूजी पुनर्परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पिछली परीक्षा प्रक्रिया में सामने आई सभी कमियों को पूरी तरह दूर किया जाए। इस बार परीक्षा का आयोजन पूरी तरह सुरक्षित, निर्बाध और त्रुटिरहित तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, परीक्षा आयोजित करवाने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नीट परीक्षा का संचालन कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत किया जाए ताकि परीक्षा की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनी रहे। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों के जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समन्वय बैठकों के आयोजन के निर्देश भी दिए।

# देश में राजस्थान क्रिटिकल मिनरल्स का प्रमुख केंद्र: केन्द्रीय मंत्री

### खनन क्षेत्र में पारदर्शिता तथा बुनियादी ढांचे का विकास हमारी प्राथमिकता: सीएम

जयपुर




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की दृष्टि से देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है तथा प्रदेश में खनन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य में 82 प्रकार के खनिज उपलब्ध हैं और 57 खनिजों का दोहन किया जा रहा है। हमारी सरकार खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, नीतिगत सुधार और बुनियादी ढांचे में विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकार के अधिकारी केंद्र से समन्वय करते हुए नियमित बैठकें आयोजित करें। जिससे खनन क्षेत्र से संबंधित कार्य तय समय में पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी की गरिमामयी उपस्थिति में खान एवं कोयला विभाग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स प्रदेश में बाड़मेर एवं बालोतरा जिले में लगभग 725 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई वृत्ताकार/अर्धवृत्ताकार आग्नेय चट्टानों की संरचना है। सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स एवं सिवाना ग्रेनाइट में रेयरअर्थ एलिमेंट एवं हेवी रेयरअर्थ एलिमेंट उपलब्ध है। साथ ही, आधुनिक तकनीकी एवं स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में इसका राष्ट्रीय महत्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। वहीं, इस संबंध में खान विभाग एवं संबंधित जिला कलक्टर केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करें, जिससे काम में तेजी आ सके।

#### दूरदर्शी नीतियों से देश में खनन क्षेत्र में हुआ व्यापक सुधार

केन्द्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खनन क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में अन्वेषण, नीलामी और उत्पादन प्रक्रियाओं में गति आई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में क्रिटिकल मिनरल का बड़ा भण्डार उपलब्ध है। रक्षा, ऊर्जा, कृषि, सोलर, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल मिनरल्स की बढ़ती मांग को पूरा करने का सामर्थ्य राजस्थान में है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रो-एक्टिव अप्रोच से राजस्थान खनन क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक दोहन, निवेश अनुकूल वातावरण तथा पारदर्शी नीतियों के कारण राजस्थान खनन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय से खनन से जुड़े सभी मुद्दों का समयबद्ध समाधान करें, जिससे निवेश एवं उत्पादन में वृद्धि हो।

# ट्रक में घुसी कार, 4 दोस्तों की मौत

### 2 लाशें ड्राइविंग सीट पर फंसी, कटर से काटकर निकालीं

गुरदासपुर



गुरदासपुर में नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह ऑल्टो कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इससे कार सवार 4 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। 2 की लाशें ड्राइवर सीट पर फंस गईं।

लोगों के अनुसार हादसे के दौरान जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद सुबह पुलिस को बुलाया गया, फिर लाशों को बाहर निकालने के लिए कार की बॉडी को कटर से काटा गया। शवों को निकालने में डेढ़ घंटे का समय लग गया। सभी एक दूसरे से चिपके हुए मिले।

पुलिस जांच के अनुसार, तीन युवक हिमाचल प्रदेश के एक निजी नशा मुक्ति केंद्र से रात को ही फरार हुए थे। केंद्र से भागने के बाद उन्होंने पठानकोट में रहने वाले चौथे दोस्त को कार समेत साथ लिया, जिसके बाद तड़के करीब 4 बजे यह हादसा हो गया। पुलिस अब उस ट्रक को ट्रेस करने में जुटी है, जिसके पीछे यह कार टकराई थी।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पॉस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इनमें से एक युवक 2 बच्चों का पिता था। बताया जा रहा है कि कार की स्पीड 80 से 100 के आसपास थी। कार की हालत देखकर लग रहा था कि किसी बड़े वाहन ने उसे टक्कर मारी है। लेकिन मौके पर वाहन का कोई सुराग या सबूत नहीं था। वह वाहन समेत तुरंत फरार हो चुका था। कार के अंदर चार लोग सवार थे। स्थिति को देखते ही उन्होंने बिना वक्त गंवाए तुरंत पुलिस को फोन पर इस हादसे की सूचना दी।

## 155 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने दिल्ली-गोवा में मारे छापे

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईडी ने 155 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने इस मामले को लेकर दिल्ली और गोवा में सात अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस मामले में ईडी ने आप नेता दीपक सिंगला के ठिकानों पर भी रेड मारी। ये पूरा मामला महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दर्ज वित्तीय गड़बड़ी से जुड़ा है। जांच एजेंसी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी मुख्य रूप से दीपक सिंगला, महेश सिंगला, अमरीक गिल और कुछ अन्य संदिग्धों से जुड़े परिसरों और ठिकानों पर की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी की टीमें सुबह-सुबह ही सभी संदिग्धों के घरों और व्यावसायिक ठिकानों पर पहुंच गई। जांच में कई अहम दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड्स को खंगाला जा रहा है, ताकि 155 करोड़ रुपए के इस बैंक घोटाले की कड़ियों को आपस में जोड़ा जा सके। दीपक सिंगला का नाम आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं में शुमार है। बताया जा रहा है कि इन संदिग्धों के तार पंजाब सरकार के गिरफ्तार मंत्री संजीव अरोड़ा से भी जुड़े हुए हैं। संजीव अरोड़ा को पहले ही भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ियों के एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इस नए बैंक धोखाधड़ी मामले में भी संजीव अरोड़ा, उनके करीबियों और पार्टी सहयोगियों का नाम आने से आम आदमी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## वडोदरा-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट में 25 मिनट तक रही बिजली गुल, उमस और अंधेरे से यात्री परेशान, कई की तबीयत बिगड़ने लगी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के वडोदरा शहर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-657 में रविवार रात अचानक बिजली गुल हो जाने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विमान में करीब 25 मिनट तक अंधेरा और उमस भरा माहौल बना रहा, जिससे यात्री बेहाल हो गए। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे एक यात्री ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया था। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट रविवार रात वडोदरा एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी दौरान रात करीब 8-50 बजे विमान की बिजली अचानक बंद हो गई। एयर कंडीशनिंग और केबिन लाइट्स बंद होते ही विमान के भीतर गर्मी और घुटन बढ़ने लगी। अंधेरे के कारण यात्रियों में घबराहट फैल गई और कुछ लोगों की तबीयत भी बिगड़ने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कई यात्री सीटों से उठकर क्रू मेंबर्स से जानकारी लेने लगे। हालांकि एयरलाइन स्टाफ ने यात्रियों को शांत रखने की कोशिश की। करीब 25 मिनट बाद बिजली आपूर्ति दोबारा बहाल हुई, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना था, कि विमान के ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) में तकनीकी खराबी आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर खराबी को दूर किया और आवश्यक जांच के बाद बिजली आपूर्ति पुनः शुरू की गई। इस घटना के बाद यात्रियों ने एयरलाइन प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

## सीएम शुभेंदु अधिकारी के निजी सचिव की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, मुजफ्फरनगर से पकड़ा

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीबीआई ने हरिद्वार से लौटते समय बलिया के शार्प शूटर राजकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। छपार क्षेत्र में टोल प्लाजा के निकट से उसे पकड़ा गया। ट्रांजिट रिमांड के लिए सीबीआई सीजेएम कोर्ट पहुंच गई है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में हमलावरों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की जांच में बलिया के रातोपुर निवासी राजकुमार सिंह का नाम सामने आया था। राजकुमार अपने परिवार के साथ सोमवार तड़के हरिद्वार से वापस लौट रहा था। सीबीआई की टीम ने पहले से ही मुजफ्फरनगर स्थित टोल प्लाजा पर डेरा डाल रखा था। इसके बाद छपार पुलिस के सहयोग से आरोपी राजकुमार को दबोच लिया गया। काफी देर तक आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें पहले के तार जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। सीबीआई के सीओ राजेश कुमार आरोपी के रिमांड के लिए कोर्ट पहुंचे है। पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जांच एजेंसी इस हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित साजिशकर्ताओं का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस गिरफ्तारी से मामले में नए खुलासे होने की उम्मीद है।

## पीएम मोदी के नाम पर ठगी मामले में सुप्रीम कोर्ट से आरोपी को जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों का करीबी बताकर लोगों से ठगी करने के आरोपी कासिफ को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें कासिफ की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। कासिफ मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहा है। कासिफ पर आरोप है कि उसने खुद को प्रधानमंत्री मोदी और अन्य सरकारी अधिकारियों का करीबी सहयोगी बताकर लोगों से पैसे ऐंठ लिए। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने का मुख्य कारण यह बताया कि कासिफ पिछले करीब तीन सालों से जेल में है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, कासिफ सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ अपनी मॉर्फ की गई तस्वीरें अपलोड करता था। इनका इस्तेमाल वह सरकारी विभागों में नौकरी, ठेके या अन्य सहायता दिलाने का वादा करके लोगों से पैसे ठगने के लिए करता था। ईडी ने उसके ठिकानों से 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भी जब्त की थी, जिसे अपराध की कमाई बताया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कासिफ को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। अदालत ने उससे यह वादा लिया है कि वह भविष्य में किसी भी संवैधानिक या सरकारी अधिकारी के नाम का दुरुपयोग नहीं करेगा। साथ ही, वह सभी कानूनी कार्यवाही में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

# पीएम मोदी के सम्मानों पर राउत का तंज: जनता को बेरोजगारी और महंगाई ही मिल रही



**मुंबई (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद संजय राउत ने देश में ईंधन की किल्लत, नीट पेपर लीक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावार है। उद्धव सेना के नेता ने सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष कर कहा कि पीएम जहां भी जाते हैं, वहां का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त कर अवॉर्ड लेने की सेंचुरी पूरी कर रहे हैं। नीदरलैंड या नॉर्वे जैसे किसी भी देश में उन्हें सम्मान मिल जाता है। लेकिन देशवासियों को क्या मिल रहा है? राउत के अनुसार, जनता को बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और बदहाल कानून-व्यवस्था का अवॉर्ड मिल रहा है।

भाजपा पर तंज कसते हुए शिवसेना यूबीटी के नेता राउत ने पूछा कि इन सम्मानों का आखिर जनता के लिए क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जगत भ्रमण कर रहे हैं और कई देशों की यात्रा पर निकले हैं, वहीं दूसरी तरफ जनता से घर से बैठकर काम करने को कहा जा रहा है। राउत ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी कितनी बार जगत भ्रमण करना चाहते हैं।

राउत ने नीट पेपर लीक मामले में भी भाजपा सरकार की घेराबंदी कर कहा कि एनटीए या आईआईटी जैसी सभी संस्थाएं भाजपा के कब्जे में हैं, इसके बाद पेपर लीक की जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने सीधे तौर पर शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेने की मांग की, क्योंकि उनके अनुसार, सभी लोग भाजपा से ही जुड़े हैं।

वहीं ईंधन संकट को लेकर राउत ने आरोप लगाया कि चुनाव तक देश में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुए, ईंधन की किल्लत सामने आ गई है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी और उन्होंने पहले ही ऐसी स्थिति की भविष्यवाणी कर दी थी। पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाकर राउत ने कहा, मोदी कहां हैं? वह 7 देशों की यात्रा पर हैं और भाजपा उनके नीदरलैंड में हुए स्वागत का जश्न मना रही है, जबकि उन्हें देश के भीतर की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

मोदी सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाकर राउत ने पूछा कि प्रधानमंत्री ईरान युद्ध पर बात क्यों नहीं कर रहे हैं और रूस से तेल खरीदने में क्या दिक्कत है? उन्होंने कटाक्ष कर पूछा कि क्या भारत ट्रंप-निर्भर हो गया है और क्या ट्रंप ने भारत को इसके लिए मना किया है? राउत ने कहा कि यह सरकार अचानक संकट में होने का दावा कर रही है, जिसकी भविष्यवाणी विपक्ष ने पहले ही कर दी थी।

## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश मे तेल, गैस की कोई कमी नहीं : हरदीप पुरी



वाराणसी (एजेंसी)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश में पीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल डीजल की कमी नही होने दी गयी है। केन्द्रीय मंत्री पुरी ने यहां सर्किट हाउस में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, आधारभूत सुविधाओं तथा ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। पुरी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए 120 पृष्ठों की एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग 80 दिनों से यह स्थिति बनी हुई है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध भी हुआ। इन वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत में कच्चे तेल, पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और एलपीजी की कोई कमी नहीं होने दी गई है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सरकार ने कीमतें बढ़ाने के बजाय घटाने का प्रयास किया है। तेल विपणन कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन उपभोक्ताओं पर इसका बोझ नहीं डाला गया। उन्होंने बताया कि यहां एलपीजी कनेक्शनों को तेजी से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों में बदला जा रहा है। देशभर में प्रतिदिन 50 हजार पीएनजी कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा देश है जहां हम दाम कम करते रहे और फिर भी एलपीजी की कोई कमी नहीं होने दी। जहां कहीं भी थोड़ी सी भी ब्लैक मार्केटिंग की कोशिश हुई, वहां हमने डिस्ट्रीब्यूटरशिप रद्द कर दी।

## शराब घोटाला मामले की सुनवाई अब जज स्वर्ण कांता नहीं जस्टिस मनोज जैन करेंगे

**-मंगलवार को सुनवाई शुरू होगी, अवमानना मामले की भी शुरुआत होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले मामला जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के बाद अब नई बेंच को ट्रांसफर किया जा चुका है। इस मामले की सुनवाई अब जस्टिस मनोज जैन करेंगे। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत छह आप नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के बाद जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया था। वहीं, अवमानना केस की सुनवाई जस्टिस नवीन चावला और रविंद्र जस्टिस रविंदर दुडेजा की खंडपीठ करेगी। दोनों ही मामलों की सुनवाई मंगलवार को होगी।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के अलावा दुर्गेश पाठक और विनय मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए मामले को किसी और बेंच को ट्रांसफर किए जाने का ऐलान किया था। अब इस मामले को जस्टिस मनोज जैन की कोर्ट में ट्रांसफर किया गया है।

एक तरफ जहां मंगलवार को शराब घोटाले मामले की सुनवाई शुरू होगी तो दूसरी तरफ अवमानना मामले की भी शुरुआत होगी। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंदर दुडेजा की बेंच के सामने इस मामले को सूचीबद्ध किया गया है। कोर्ट केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के छह नेताओं के खिलाफ इस मामले की सुनवाई करेगी। इसके अलावा वे लोग भी दायरे में आ सकते हैं जिन्होंने यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो अपलोड किए थे जिनमें जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणियां की गईं थीं।

इस मामले को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में सूचीबद्ध किया गया तो केजरीवाल ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर इस मामले को दूसरी बेंच के सामने ट्रांसफर करने की मांग की थी, लेकिन जब उन्होंने इससे इनकार कर दिया तो केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के सामने रिक्यूजल याचिका दायर करके मांग की कि वह खुद को इस मामले से अलग कर लें। केजरीवाल ने आशंका जाहिर की थी कि उन्हें जस्टिस शर्मा की अदालत में न्याय नहीं मिल सकता है। केजरीवाल ने उन पर हितों के टकराव और आरएसएस से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में शामिल होने का आरोप लगाया था।

# 6 माह में गिर जाएगी थलापति की सरकार, स्टालिन के हाथों में ही राज्य की कमान

## डीएमके की विधायक ने किया चौंकाने वाला दावा



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सियासी माहौल गर्माया हुआ है। तिरुचेंदुर से विधायक अनीता राधाकृष्णन ने एक बड़ा दावा कर कहा है कि मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की अगुवाई वाली टीवीके (तामिलागा वेत्री कझगम) सरकार आगामी छह महीनों में गिर जाएगी। डीएमके विधायक के अनुसार, राज्य में द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम (डीएमके) के नेता एमके स्टालिन मुख्यमंत्री पद पर वापसी करने वाले है। राधाकृष्णन ने कहा, थलाईवर (नेता) अगले मुख्यमंत्री हैं। चार या छह महीने बाद हमारे नेता मुख्यमंत्री बनने वाले है। इस दावे पर टीवीके की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिसने हाल ही में दक्षिणी राज्य की सत्ता संभाली है।

डीएमके विधायक राधाकृष्णन ने केवल भविष्यवाणी ही नहीं की, बल्कि टीवीके के विधायक आधव अर्जुन को खुली चुनौती भी दी है। उन्होंने अर्जुन से कहा, यह टीवीके सरकार सिर्फ चार और महीने टिक पाएगी। अगर आप में हिम्मत है, तब अपने विधायक पद से इस्तीफा दें। मैं भी ऐसा ही करूंगा। फिर तिरुचेंदुर में मुकाबला करते हैं। यह हमारा शहर है, हम किसी को भी हरा सकते हैं। गौरतलब है कि तिरुचेंदुर पिछले 25 सालों से राधाकृष्णन का गढ़ रहा है, जहां उन्होंने पहली बार 2001 में जीत हासिल की थी।

एक ओर जहां राज्य में सत्ता को लेकर दावे-प्रतिदावे चल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्य विपक्षी दल डीएमके अपनी हालिया विधानसभा चुनाव की करारी हार के कारणों का विश्लेषण करने में जुटा गई है। डीएमके पार्टी ने इस अप्रत्याशित हार के बाद 36 सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसे हार के कारणों का आत्मनिरीक्षण और निष्पक्ष विश्लेषण करने का काम सौंपा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने समिति से हार की वजहों पर एक स्पष्ट और विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

स्टालिन ने समिति के सदस्यों को संबोधित कर स्पष्ट किया कि यह कवायद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी की चुनावी गिरावट के मूल कारणों को समझने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने इस प्रक्रिया की तुलना मेडिकल डायग्नोसिस से करते हुए कहा कि जैसे प्रभावी इलाज के लिए डॉक्टर को मरीज की बीमारी की सटीक जानकारी चाहिए, वैसे ही पार्टी नेतृत्व को सुधारात्मक कदम उठाने के लिए जमीनी हकीकत की पूरी जानकारी चाहिए। पैनल को तमिलनाडु के सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक जमीनी अध्ययन करने और कार्यकर्ताओं व लोकल पदाधिकारियों से सीधा फीडबैक लेने का निर्देश दिया गया है। समिति को 5 जून तक अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने की समय सीमा दी गई है। खुद अपनी पारंपरिक सीट कोलाथुर से हार का सामना करने वाले स्टालिन ने कहा कि यह समीक्षा आंतरिक राजनीति, पक्षपात या दोषारोपण से मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने सदस्यों से कहा, आपका कर्तव्य न तो किसी को बचाना है और न ही किसी को निशाना बनाना है।

## केरल के नए सीएम शपथ ग्रहण में शशि थरूर क्यों नहीं पहुंचे, सामने आई असली वजह

नई दिल्ली। केरल में कांग्रेसी मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने अपने 20 मंत्रियों के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण मौके पर जहां राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता मौजूद थे, वहीं तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर अनुपस्थित रहे। उनकी अनुपस्थिति ने हालांकि कांग्रेस के भीतर अंदरूनी अनबन की चर्चाओं को हवा दी थी, क्योंकि संगठन में असहमति को लेकर उनका नाम पहले भी सामने आता रहा है। हालांकि, शशि थरूर ने अपनी अनुपस्थिति की वजह खुद बता दी थी। उन्होंने 15 मई को ही जानकारी दी थी कि बॉस्टन में टफ्स यूनिवर्सिटी के फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ ऐंड डिप्लोमैसी में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित करने और अपने ग्रेजुएशन के 50वें रीयूनियन कार्यक्रम में शामिल होने के कारण वह शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। थरूर ने बताया था कि उन्हें अमेरिका में पुराने साथियों के साथ जश्न मनाने का मौका मिला है और वे केरल के भविष्य को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सतीशन को राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री सतीशन के अलावा 20 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इस समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

# विपक्षी एकजुटता की कमी ने बिगाड़ा ममता का खेल

## वोट बंटवारे से टीएमसी को भारी नुकसान



**कोलकाता (एजेंसी)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि विपक्षी एकजुटता के बिना चुनाव जीतना आसान नहीं है। पश्चिम बंगाल में भाजपा विरोधी वोटों के बंटवारे की वजह से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को करीब तीन दर्जन सीटों का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। चुनाव परिणामों के आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि सूबे की 294 विधानसभा सीटों में से भाजपा 207 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है, जबकि टीएमसी के खाते में महज 80 सीटें ही आई हैं। इस चुनाव में कांग्रेस को 2 और लेफ्ट को 1 सीट पर संतोष करना पड़ा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, अगर पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया होता, तो राज्य की सियासी तस्वीर पूरी तरह अलग हो सकती थी। प्रदेश की एक दर्जन से अधिक सीटों पर कांग्रेस ने टीएमसी के खेल को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। साल 2021 के चुनाव में इनमें से 10 सीटें टीएमसी के पास थीं, लेकिन इस बार इन सीटों पर कांग्रेस को टीएमसी और भाजपा के बीच जीत-हार के अंतर से भी अधिक वोट मिले हैं। इसके अलावा, छह सीटों पर टीएमसी को नोटा की वजह से नुकसान हुआ, जहां कांग्रेस को नोटा से ज्यादा वोट प्राप्त हुए थे।

वोटों के इस बिखराव का सीधा फायदा भाजपा को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी मिला। मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर दिनाजपुर की कुल 43 सीटों में से 20 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इसका मुख्य कारण यह रहा कि मुस्लिम मतदाता कांग्रेस, लेफ्ट, इंडियन सेकुलर फ्रंट और अन्य क्षेत्रीय दलों के बीच बंट गए, जबकि पिछले चुनाव में यह वोट बैंक पूरी तरह टीएमसी के पक्ष में एकजुट था। 2021 में टीएमसी ने इन 43 में से 35 सीटें जीती थीं और भाजपा को सिर्फ आठ सीटें मिली थीं।

पश्चिम बंगाल में वामदलों (लेफ्ट) के पास आज भी करीब सात फीसदी का मजबूत वोट बैंक मौजूद है। विश्लेषकों का मानना है कि कई दर्जन सीटें ऐसी हैं, जहां लेफ्ट और कांग्रेस को मिले संयुक्त वोट टीएमसी की हार के अंतर से कहीं अधिक हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि अब वक्त आ गया है जब सभी क्षेत्रीय पार्टियों को जमीनी स्थिति को समझना होगा और भाजपा को हराने के लिए लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनावों में भी बेहतर तालमेल और साझेदारी के साथ उतरना होगा। मतों का यह विभाजन इससे पहले गुजरात और दिल्ली के चुनावों में भी विपक्षी दलों को भारी नुकसान पहुंचा चुका है।

# 240 चैंबरों पर चला बुलडोजर, वकीलों ने 'लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन' बताया

**-घटना के बाद बार एसोसिएशन और वकीलों में भारी आक्रोश, आंदोलन की दी चेतावनी**



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को वकीलों के अवैध चैंबरों पर चला बुलडोजर बड़ा विवाद बन गया। प्रशासन की कार्रवाई में भारी पुलिस बल तैनात रहा और विरोध कर रहे वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया। इस घटना के बाद बार एसोसिएशन और वकीलों में भारी आक्रोश देखने को मिला। वकीलों ने इसे ÷लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन÷ बताते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट ने कुछ अवैध चैंबरों को हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद नगर निगम की टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और चैंबर तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई। हालांकि इस दौरान वकीलों ने विरोध भी किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। वकीलों का आरोप है कि हाईकोर्ट ने केवल 72 चैंबर हटाने का आदेश दिया था, लेकिन प्रशासन ने आदेश की आड़ में करीब 240 चैंबरों पर कार्रवाई कर दी। उनका कहना है कि जिन चैंबरों को चिन्हित किया गया था, उनमें कई वकीलों के चैंबर शामिल ही नहीं थे, बावजूद इसके उन्हें भी तोड़ दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक बुलडोजर कार्रवाई के दौरान कई वकीलों की तबीयत भी बिगड़ गई। कुछ वकील जमीन पर बैठकर विरोध जताते रहे तो कुछ ने कार्रवाई रोकने की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से बहस की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। वकीलों का कहना है कि वे पिछले करीब 30 सालों से वहीं बैठकर वकालत कर रहे हैं और अचानक इस तरह की कार्रवाई उनके रोजगार पर सीधा हमला है। वकीलों ने प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उन्हें वहां से हटाया जा रहा है तो पहले उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। वहीं प्रदर्शन कर रहे वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं रोकी और उचित समाधान नहीं निकाला तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# सूखा, बाढ़, तबाही... क्या अल-नीनो लेकर आएगा 149 साल पहले की प्रलय?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया फिर जलवायु संकट के इसतरह के मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है, जहां इतिहास खुद को दोहरा सकता है। इस संकट पर वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 2026 में बनने वाला संभावित ÷सुपर अल-नीनो÷ 149 साल पहले आई उस भीषण तबाही जैसी स्थिति पैदा कर सकता है, जिस तबाही ने 1877-78 में पूरी दुनिया को अकाल, सूखा, बाढ़ और महामारी की आग में झोंक दिया था। फर्क सिर्फ इतना है कि उस समय धरती अपेक्षाकृत ठंडी थी, जबकि आज दुनिया पहले से ही रिकॉर्ड गर्मी झेल रही है। इसके बाद इस बार खतरा कहीं ज्यादा बड़ा माना जा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार प्रशांत महासागर का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। समुद्र की सतह ही नहीं, बल्कि गहराई में भी गर्मी असामान्य स्तर तक पहुंच चुकी है। कई क्लाइमेट मॉडल संकेत दे रहे हैं कि 2026 का अल-नीनो 1877 वाले रिकॉर्ड को भी पार कर सकता है। इसकारण दुनियाभर की मौसम एजेंसियां लगातार निगरानी कर रही हैं।

### 1876 से 1878 के बीच आया सुपर अल-नीनो

इतिहास गवाह है कि 1876 से 1878 के बीच आया सुपर अल-नीनो मानव सभ्यता की सबसे भयावह प्राकृतिक आपदाओं में शुमार है। भारत, चीन, ब्राजील और अफ्रीका के बड़े हिस्सों में सूखा पड़ा। मानसून फेल हो गया, फसलें नष्ट हुईं और जल संकट ने करोड़ों लोगों को भूख व बीमारी की तरफ धकेल दिया। अनुमान है कि उस दौर में दुनिया की आबादी का करीब 2 से 3 प्रतिशत खत्म हो गया था। कई अध्ययनों में मौतों का आंकड़ा 5 करोड़ तक बताया गया है।

### भारत में हुई थी 3 करोड़ लोगों की मौत

भारत इस तबाही का सबसे बड़ा शिकार बना था। इतिहासकारों के अनुसार उस समय 1.2 करोड़ से लेकर करीब 3 करोड़ लोगों तक की मौत हुई थी। खेत सूख गए, पशुधन खत्म हुआ और गांवों में भुखमरी फैल गई। उत्तरी चीन में भीषण सूखा पड़ा, जबकि ब्राजील के उत्तर-पूर्वी इलाके जल संकट से तबाह हो गए। अफ्रीका में भी खाद्यान्न संकट गहराया। उस समय वैज्ञानिक यह नहीं समझ पाए थे कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हो रही ये घटनाएं दरअसल प्रशांत महासागर में बने शक्तिशाली अल-नीनो से जुड़ी थीं।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता और उनकी टीम के मुताबिक, 1877 से पहले कई वर्षों तक प्रशांत महासागर का उष्णकटिबंधीय क्षेत्र असामान्य रूप से ठंडा रहा। इससे पश्चिमी प्रशांत में भारी मात्रा में गर्मी जमा हो गई। जब मौसम प्रणाली बदली, तब विशाल अल-नीनो विकसित हुआ। भारतीय महासागर और उत्तर अटलांटिक में तापमान का असंतुलन भी इस संकट को और घातक बनाने वाला कारक बना। अब 2026 में चिंता इसलिए बढ़ रही है क्योंकि आज की दुनिया पहले से ही ग्लोबल वार्मिंग के असर झेल रही है। ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और समुद्र लगातार गर्म हो रहे हैं। इसके बाद अगर सुपर अल-नीनो बनता है, तब उसके प्रभाव कई गुना ज्यादा विनाशकारी हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 और 2027 के दौरान दुनिया को भीषण हीटवेव, सूखा, जंगलों में आग, फसलों की बर्बादी और कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है। गेहूं, चावल और मक्का जैसी प्रमुख फसलों पर असर पड़ने से वैश्विक खाद्य संकट भी गहरा सकता है।

### भारत कृषि प्रधान, खेती बारिश पर निर्भर



भारत के लिए खतरा सबसे ज्यादा मानसून को लेकर है। अल-नीनो के दौरान अक्सर मानसून कमजोर पड़ जाता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में सूखे की आशंका बढ़ सकती है। इससे किसानों की आय, खाद्यान्न उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। महंगाई बढ़ सकती है और पानी का संकट गंभीर हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारों को अभी से जल संरक्षण, सूखा-प्रतिरोधी फसलों, बेहतर सिंचाई, बीमा कवर और आपदा प्रबंधन योजनाओं पर तेजी से काम करना होगा। 1877-78 की त्रासदी केवल इतिहास नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

# भीलवाड़ा एएनटीएफ की बड़ी कार्यवाही: 6 साल से फरार इनामी तस्कर मोहनराम साथी सहित गिरफ्तार, 2 पिस्टल, 7 कारतूस, 2 मैगजीन और 14 लाख नकद बरामद

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) ने मांडल थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा घोषित 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर मोहनराम जाट को उसके साथी महेंद्र विश्नोई के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, 2 मैगजीन, 14 लाख रुपये नकद और एक क्रेटा कार जब्त की है।

पुलिस ने इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन मदभावन' नाम दिया। एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि नागौर का कुख्यात तस्कर मोहनराम आसींद से भीलवाड़ा की ओर आने वाला है। इस पर टीम ने सादा वेश में एनएच-158 पर धुंवाला बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की।



### टायर बर्स्टर बना पुलिस का नया हथियार

नाकाबंदी के दौरान काले रंग की क्रेटा कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों को टीम पर शक हो गया और उन्होंने वाहन तेज गति से भगा दिया। इस पर एएनटीएफ टीम ने तुरंत सड़क पर 'स्टॉप स्टिक' यानी टायर बर्स्टर डाल दिया, जिससे कार के टायर फट गए। वाहन रुकते ही पुलिस टीम ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए मोहनराम और महेंद्र को धर-दबोचा।

### हथियार निकालने तक का मौका नहीं मिला

पुलिस के अनुसार मोहनराम और महेंद्र अपने पास अवैध पिस्टल लेकर चल रहे थे और पुलिस पर हमला करने की फिराक में थे, लेकिन टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते दोनों को हथियार निकालने तक का मौका नहीं मिला। तलाशी में दोनों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 7 कारतूस और 2 मैगजीन बरामद हुईं।

### 6 साल से फरार चल रहा था मोहनराम

गिरफ्तार आरोपी मोहनराम पुत्र रामेश्वर लाल जाट (33) निवासी भादवासी, थाना डेगाना, जिला नागौर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार वह करीब 6 साल पहले चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी थाना क्षेत्र में कार्रवाई के बाद फरार हो गया था। इसके बाद उसने राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में मादक पदार्थों की सप्लाई का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया। वहीं उसका साथी महेंद्र पुत्र मंगलाराम विश्नोई (25) निवासी धमाणा का गालिया, थाना सांचौर, जिला जालौर भी तस्करी में उसकी मदद करता था। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क, सप्लायरों और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# मोबाइल फोन को लेकर दम्पति में विवाद, दोनों ने खाया जहर

**चित्तौड़गढ़।** जिले के भदेसर थाना अंतर्गत बानसेन गांव में पति पत्नी के बीच मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में दोनो ने विषाक्त सेवन कर लिया। परिजनों ने दोनों को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार बानसेन निवासी रामलाल पुत्र बाबूलाल भील और उसकी पत्नी सीमा के बीच पिछले कुछ समय से मोबाइल फोन को लेकर विवाद चल रहा था।

परिजनों के अनुसार रामलाल को पत्नी द्वारा दिनभर मोबाइल इस्तेमाल करने और किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत करने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन कहासुनी होती रहती थी। सोमवार रात को भी इसी मुद्दे पर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई और वह कमरे में ही बेहोश हो गए। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजनों को संदेह हुआ।

दरवाजा खोलकर देखा तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े थे। इसके बाद परिवार और पड़ोसियों की मदद से दोनों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान सीमा को होश आ गया, जिसके बाद उसे महिला वार्ड में भर्ती किया गया। वहीं रामलाल की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में रखा गया है।

# एमजी अस्पताल से बाइक चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश: शातिर चोर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार, 6 मोटरसाइकिलें बरामद

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा की भीमगंज थाना पुलिस ने महात्मा गांधी (एमजी) अस्पताल परिसर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़ा गया आरोपी भीलवाड़ा जिला कारागृह में बंद था, जिसे पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर अस्पताल परिसर से हुई ताबड़तोड़ वाहन चोरियों का खुलासा किया है।

### डॉक्टर की बाइक चोरी से शुरू हुई जांच

भीमगंज थानाधिकारी (पु.नि.) सुनील चौधरी ने बताया कि एमजी अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर संजय जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 जुलाई 2025 को उन्होंने अपनी काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अस्पताल परिसर में खड़ी की थी,



जो दोपहर को गायब मिली। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।

### कड़ी से कड़ी जोड़कर जेल में बंद मुख्य आरोपी तक पहुंची पुलिस

शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारसमल जैन के निर्देशन और वृत्ताधिकारी (शहर) सज्जन सिंह के सुपरविजन में भीमगंज थाना पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

पुलिस टीम ने अस्पताल परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और बिना नंबरी वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार श्यामलाल गुर्जर (निवासी-बैरा, बागौर) को डिटेन किया। जांच में उसके पास मिली बाइक डॉक्टर संजय जैन की ही निकली। जब श्यामलाल से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने मांडल के भादू निवासी सत्यनारायण उर्फ विक्रम सिंह दरोगा (32) से खरीदी थी।

### पूछताछ में उगली 5 और बाइक चोरियों की बात

मुख्य आरोपी सत्यनारायण उर्फ विक्रम सिंह पहले से ही चोरी के एक अन्य मामले में भीलवाड़ा जेल में बंद था। इस पर भीमगंज पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर उसे जेल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब आरोपी सत्यनारायण से मनोवैज्ञानिक और गहनता से पूछताछ की, तो उसने डॉक्टर जैन की बाइक के अलावा एमजी अस्पताल परिसर से ही 5 अन्य मोटरसाइकिलें चुराना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की सभी 6 मोटरसाइकिलें बरामद कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त कर ली हैं।

### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 7 मुकदमे

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सत्यनारायण उर्फ विक्रम सिंह दरोगा एक आदतन और शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से मांडल (भीलवाड़ा), राजनगर (राजसमंद), केलवा और भीमगंज थानों में एनडीपीएस एक्ट और मोटरसाइकिल चोरी के कुल 7 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम: इस बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करने वाली टीम में थानाधिकारी सुनील चौधरी, हेड कांस्टेबल उमराव (विशेष योगदान), कांस्टेबल राजेश, सौरभ और सुनील शामिल रहे।

# एमडीआर सड़क बनी मुसीबत का रास्ता.. कंवलियास से केरोट तक निर्माणाधीन सड़क पर उड़ती धूल बिखरी गिट्टी

**पनोतिया, डियांस, खामोर और देवरिया के ग्रामीण परेशान, पीडब्ल्यूडी ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप**

### 'न अधिकारी मौके पर आते, न फोन उठातेग्रामीणों में भारी आक्रोश

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा

कंवलियास से केरोट तक बन रही निर्माणाधीन एमडीआर सड़क इन दिनों लोगों के लिए राहत नहीं बल्कि परेशानी और खतरे का कारण बन गई है। पनोतिया, डियांस, खामोर और देवरिया गांवों से होकर गुजर रही इस सड़क पर सार्वजनिक निर्माण विभाग और निर्माण एजेंसी की लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है। सड़क पर गिट्टी बिछाकर कार्य तो कर दिया गया, लेकिन नियमित पानी का छिड़काव नहीं होने से पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार उड़ रहा है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास रहने वाले ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर फैली ढीली गिट्टी दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। आए दिन बाइक चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों के गुजरते ही धूल इतनी अधिक उड़ती है कि कुछ क्षणों



के लिए सामने का रास्ता तक दिखाई नहीं देता। ऐसे में हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

धूल के कारण लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी और एलर्जी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे रहने वाले परिवारों और स्कूली बच्चों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या बताई गई, लेकिन न तो अधिकारी मौके पर पहुंचे और न ही फोन उठाना जरूरी समझा। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के चलते सड़क निर्माण कार्य मनमाने तरीके से किया जा रहा है और आमजन की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन एमडीआर सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव करवाया जाए, सड़क पर फैली गिट्टी को व्यवस्थित किया जाए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से पहले व्यवस्था सुधर सके।

# पानी की किल्लत को लेकर चंवरा में ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन, जल्द नि:शुल्क टैंकर सप्लाई की मांग

**महिलाओं ने चेताया है कि आने वाले चुनाव में नेता वोट के लिए आएंगे तो वोट नहीं चोट देंगे**

स्मार्ट हलचल

**ककराना।** उदयपुरवाटी उपखंड के पहाड़ी क्षेत्र के गांवों में लोग पीने के पानी के लिए इन दिनों में प्यास बुझाने को मौहताज हैं जो सरकारी तंत्र की व्यवस्था हर वर्ष आम नागरिक पर इस गर्मी के मौसम में परेशानी बनती है और सरकारी व जलदाय विभाग के अधिकारियों की पोल खोलती है। पानी की मांग को लेकर चंवरा के वार्ड नंबर 4 की अनुसूचित जाति की बस्ती के लोगो द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। बैठक में विरोध प्रदर्शन जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष नत्थूराम सैनी एवं अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति उदयपुरवाटी के संयोजक केके सैनी के मौजुदगी में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद महिलाओं ने कहा कि नेता लोग वोट के लिए तो आते हैं बड़े-बड़े वादे भी करते हैं लेकिन जैसे चुनाव होते ही नेता अपना आईना दिखाने के लिए भी नहीं आते हैं चाहे गरीब जनता मरे या जिए।इस बार ऐसा नहीं होगा। नेताओं को वोट की जगह चोट देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मियों में पानी की सप्लाई के लिए सरकार ने नि:शुल्क टैंकरों का ठेका तो दे रखा है। लेकिन आज तक हमारे



मोहल्ले को एक भी नि:शुल्क टैंकर नहीं मिला है। कागजों में अधिकारी जनता को पानी पिलाते नजर आ रहे हैं। धरातल पर एक भी टैंकर की व्यवस्था नहीं है।हम मजदूरी करने वाले लोग हैं लेकिन हम महंगे टैंकर गिराने को मजबूर है। जो गरीबों के हितों पर कुठाराघात है। यहां पीडब्ल्यूडी की सप्लाई पाइप लाइन दबी हुई है लेकिन पानी की सप्लाई नहीं होती है। हमारे मोहल्ले में सरकारी बोरवेल और पानी की बड़ी टंकी भी नहीं बनी हुई है। जिससे पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मौहल्ले में अति शीघ्र टैंकर सप्लाई शुरू करवाने की मांग की है। वही मोहल्ले में सरकारी बोरवेल ओर बड़ी टंकी बनाई जाए ताकि पानी की वैकल्पिक व्यवस्था हो सके। नत्थूराम और केके सैनी ने कहा कि सरकार और प्रशासन को ऐसी मूलभूत सुविधाओं को संज्ञान में लेकर शीघ्र समाधान करना चाहिए। हम शीघ्र ही इस गंभीर समस्या को झुंझुनूं जिला कलेक्टर अरुण गर्ग को अवगत करवाएंगे। इस दौरान रिछपाल मेघवाल, विजेन्द्र गोठवाल, श्रीराम महरानियां, धोलू राम, राजेंद्र महरानियां, सूरज सबलानिया, पियूष खींची, छोटी देवी, प्रेम देवी, जितेंद्र गोठवाल, सुनीता देवी, गोविंद निर्मल, विक्रम खींची, मंजू देवी, कानाराम, पपीता देवी, विजय सबलानिया, अमन, विष्णु, राजकुमार, कृष्णा देवी, हीरालाल, आदित्य, मुकेश, गीता देवी, शालू खींची, पायल खींची, पूजा देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# बैरवा समाज छात्रावास निर्माण को लेकर समाज की बड़ी बैठक सम्पन्न...

**चारदीवारी निर्माण का हिसाब पेश, अब छात्रावास भवन निर्माण की ओर बढ़े कदम..**



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** बैरवा समाज विकास संस्थान शाहपुरा के तत्वावधान में मंगलवार को बैरवा समाज छात्रावास प्लॉट पर समाज के प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में छात्रावास निर्माण, समाज के विकास कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत समाजहित एवं छात्रावास निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा से हुई। संस्थान के कोषाध्यक्ष रामदेव बैरवा ने छात्रावास की चारदीवारी निर्माण पर अब तक हुए आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा उपस्थित समाजबंधुओं के समक्ष रखा। सभी उपस्थित लोगों ने पारदर्शिता की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से आय-व्यय का अनुमोदन किया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि छात्रावास भवन निर्माण कार्य को गति देने के लिए इच्छुक ठेकेदारों से 27 मई 2026 को प्रातः 10 बजे तक बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। निर्माण कार्य से संबंधित नियम एवं शर्तें संस्थान कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकेंगी। समाज के लोगों ने छात्रावास निर्माण को समाज के भविष्य और शिक्षा विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया।

बैठक के दौरान समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ने, छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने तथा समाज में एकजुटता बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि छात्रावास निर्माण पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा।

बैठक में गोपाल बैरवा (सरपंच मिण्डोलिया), देवीलाल, राजकुमार, जीवनराम, चांदमल, छोटूलाल शाहपुरा, रघुनाथ कासोरिया, जगन्नाथ, दुर्गालाल अमरगढ़, नन्दलाल झांतल, विष्णु डियास, ओनाई बैलिया, छोटू कनछन कला, मुकेश बटछेड़वा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अंत में संस्थान की आगामी बैठक 27 मई 2026 को प्रातः 10:30 बजे शाहपुरा स्थित बाबा रामदेव मंदिर तहलान गेट पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें छात्रावास निर्माण से जुड़े आगामी निर्णय लिए जाएंगे।

# भीलवाड़ा के नए एसपी होंगे सागर राणा, धर्मेंद्र यादव का चित्तौड़गढ़ तबादला

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** । राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने राज्यहित में एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण और पदस्थापन आदेश जारी किए हैं. जयपुर से जारी सरकारी आदेश के अनुसार, राज्य में तुरंत प्रभाव से कुल 17 अनुभवी आई.पी.एस. अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं. सरकार द्वारा जारी की गई इस नई सूची में कई वरिष्ठ अधिकारियों के विभागों में बदलाव करने के साथ-साथ प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक जिलों के पुलिस कप्तानों को भी बदल दिया गया है. कार्मिक विभाग की संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह के हस्ताक्षरों से जारी इस आदेश के बाद से



पुलिस महकमे में भारी हलचल मच गई है. इस फेरबदल के तहत दौसा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, टोंक, भरतपुर और डीडवाना-कुचामन सहित कुल 6 महत्वपूर्ण जिलों में नए पुलिस अधीक्षकों की तैनाती की गई है. भीलवाड़ा की कमान अब सागर राणा संभालेंगे वह वर्तमान में दौसा जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे वहीं एसपी धर्मेंद्र सिंह का तबादला चित्तौड़गढ़ हो गया है ।

# अवैध खनन से चारागाह भूमि बर्बाद, हरे पेड़ पौधे चढ़े अवैध खनन की भेंट



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल में जगह जगह पर चरागाह भुमि पर धडल्ले से हो रहे अवैध खनन कार्य चरागाह भुमि बर्बाद हो रही है। वही अवैध खनन के कारण चरागाह भुमि पर लगे पेड पौधे भी अवैध खनन की भेट चढ रहे हैं। मगर फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उपखण्ड सर्किल के सरदारनगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित सोमनाथ गोशाला के संचालक रामपाल कुमावत ने बताया कि हमारे गांव के पास स्थित चरागाह भुमि से ट्रेक्टरौ और जेसीबी की मदद से अवैध रूप मिट्टी और बजरी खनन करके आसपास के गावो मे पहुचाई जा रही है। इस बाबत प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी दिन हो या रात अवैध रूप खनन कार्य जोरों से जारी है। अवैध खनन के कारण जहा सरकार को राजस्व से वंचित रहना पड़ रहा है। वही अवैध खनन के कारण चरागाह भुमि मे बडे बडे गड्ढे पड चुके। मशीनों द्वारा खनन से पेड पौधे भी खनन की भेट चढ रहे हैं। साथ ही अवैध खनन के चलते पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ रहा है। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा कई प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी ना ही तो पंचायत राज विभाग ना ही राजस्व विभाग द्वारा अवैध खनन को रूकवाने की और ध्यान दे रहे। प्रशासन की अनदेखी के कारण अवैध खनन करने वालो के होसले बुलंद हो रहे हैं।

# यूएन में बोला भारत- सप्लाई चेन टूटने से बचाने के लिए मजबूत सहयोग अनिवार्य

स्मार्ट हलचल |न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईकोसॉक) की 'ऊर्जा और आपूर्ति प्रवाह की सुरक्षा' पर आयोजित विशेष बैठक में पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा और उर्वरक संकट पर अपना पक्ष रखा।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी0 हरीश ने बैठक में भारत का पक्ष रखते हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा और उर्वरक संकट से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तत्काल अल्पकालिक कदमों के साथ-साथ दीर्घकालिक संरचनात्मक उपायों




की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को टूटने से बचाने के लिए दुनिया के देशों के बीच मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग अनिवार्य है।

इसके अलावा भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा और नौवहन की अबाध स्वतंत्रता में आ रही बाधाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। भारत ने साफ तौर पर कहा कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना, नागरिक चालक दल की जान खतरे में डालना और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में बाधा उत्पन्न करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। भारत ने इस रणनीतिक मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता को बाधित करने के प्रयासों पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारत ने जोर दिया कि यह मार्ग वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम है।

हरीश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बैठक की तस्वीर साझा करते हुए लिखा ईकोसॉक की 'ऊर्जा और आपूर्ति प्रवाह की सुरक्षा' पर आयोजित विशेष बैठक में, पश्चिम एशिया संघर्ष के संदर्भ में, हालिया ऊर्जा और उर्वरक संकट के प्रति भारत के दृष्टिकोण को साझा किया। इस संकट से निपटने के लिए अल्पकालिक और संरचनात्मक उपायों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा इस बात को दोहराया गया कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना, नागरिक चालक दल को खतरे में डालना और होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता में बाधा डालना, ये सभी कृत्य अस्वीकार्य हैं। इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना चाहिए।

बता दें कि ईकोसॉक संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है। यह वैश्विक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा, नीति-निर्माण और समन्वय का मुख्य मंच है। यह सतत विकास के लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और यूनेस्को, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) जैसी यूएन की विशेष एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करता है। भारत वैश्विक सामाजिक और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से योगदान देता रहा है।

# खाटू श्याम मंदिर कमेटी के नाम दर्ज फॉर्च्यूनर ने मचाया कहर

## कार से मिली शराब की बोतलें

## एक युवक की मौत

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर-पुष्कर घाटी मार्ग पर सोमवार रात आस्था को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया। खाटू श्याम मंदिर कमेटी के नाम से रजिस्टर्ड फॉर्च्यूनर कार ने तेज रफ्तार में तीन बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद कार में सवार लोग पहाड़ी की तरफ भाग निकले। पुलिस ने जब फॉर्च्यूनर की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में शराब की बोतलें बरामद हुईं।

### रात में करीब 9:45 पर हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार हादसा सोमवार रात करीब 9:45 बजे पुष्कर से अजमेर की ओर आते समय घाटी क्षेत्र में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फॉर्च्यूनर कार बेहद तेज गति में थी और उसने एक के बाद एक तीन बाइकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कई फीट तक सड़क पर घिसटते चले गए। हादसे



के बाद अनियंत्रित फॉर्च्यूनर खाई में गिरते-गिरते बची।

### चार लोग घायल, एक युवक की मौत

हादसे में नगरा निवासी जितेंद्र और उनका साला रवि कुमार घायल हुए हैं। वहीं शास्त्री नगर निवासी रोहित (22) और उनके चाचा मधुसूदन वैष्णव (29) भी हादसे की चपेट में आए। सभी घायलों को तत्काल जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया।

### मौके पर पहुंचा पुलिस का भारी जाब्ता

मामले की गंभीरता को देखते हुए अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला, एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ सहित पुलिस का भारी जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को जब्त कर लिया है। जांच में सामने आया कि गाड़ी खाटू श्याम मंदिर कमेटी के नाम पर रजिस्टर्ड है और उसे मंदिर से जुड़ा पुजारी दिग्विजय सिंह चौहान चला रहा था।

### कार से मिली शराब की बोतलें, उठे सवाल

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि धार्मिक संस्था के नाम से चल रही लग्जरी कार से भारी मात्रा में शराब की बोतलें बरामद हुईं। घटना के बाद शहर में चर्चा है कि आखिर आस्था और धर्म की आड़ में यह कैसा ढोंग चल रहा था। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया, 'पुष्कर घाटी पर कार द्वारा दो से तीन बाइक को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। पुलिस और प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में कार तेज रफ्तार में होना सामने आया है। सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।' पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कार में शराब कहां से लाई जा रही थी और हादसे के समय चालक शराब के नशे में था या नहीं। घटना के बाद धार्मिक संस्थाओं की साख पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# सांसद दामोदर अग्रवाल पुनः संसद सदस्यों के वेतन-भत्तों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य नामित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को संसद सदस्यों के वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं संबंधी संयुक्त समिति का सदस्य पुनः नामित किया गया है। सांसद अग्रवाल को लगातार दूसरी बार इस महत्वपूर्ण समिति में स्थान मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि संसद की यह संयुक्त समिति सांसदों के वेतन, दैनिक भत्तों, यात्रा सुविधाओं तथा अन्य संसदीय सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श कर अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करती है। इस समिति में अनुभवी एवं सक्रिय सांसदों को शामिल किया जाता है।

उन्होंने बताया कि दामोदर अग्रवाल को दूसरी बार समिति का सदस्य बनाए जाना उनके संसदीय अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक कार्यशैली का परिणाम है। संसद में विभिन्न मुद्दों पर उनकी सक्रिय भागीदारी एवं क्षेत्रीय विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए यह जिम्मेदारी पुनः सौंपी गई है। सांसद अग्रवाल के पुनः सदस्य नामित होने की सूचना मिलते ही भीलवाड़ा जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने खुशी व्यक्त की। कई कार्यकर्ताओं ने इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि इससे भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगा।

भाजपा पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने सांसद अग्रवाल को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन भी पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ करेंगे।

# कंवलियास में 31वीं जिला स्तरीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



स्मार्ट हलचल| कंवलियास

मॉर्डन स्पोर्ट्स एकेडमी, कंवलियास के मैदान में आयोजित 31वीं जिला स्तरीय सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को रंगारंग समापन हुआ। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बालक वर्ग के रोमांचक फाइनल में मॉर्डन स्पोर्ट्स एकेडमी, कंवलियास ने मॉर्डन पब्लिक स्कूल, कंवलियास को 24-23 के करीबी अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में उखलिया टीम ने जय सिया राम एकेडमी को 17-12 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विनोद जोशी ने विजेता व उपविजेता टीमों को हैंडबॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, उपाध्यक्ष किशोर छतवानी, तारा चंद नायक, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, श्रीराम सेन, हर्षित गोखरू, गणपत सिंह राठौड़, दुर्गेश सिंह राठौड़, विक्रम सिंह राठौड़ एवं देशराज जाट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधक किशोर छतवानी के साथ हिम्मत जोशी, अखिलेश उपाध्याय, विष्णु जी वैष्णव, विष्णु टेलर, गोपाल भांबी सहित ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी 23 मई को अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मॉर्डन पब्लिक स्कूल एवं हैंडबॉल क्लब, कंवलियास के मध्य खेला गया था।

# 26 साल से जर्जर सड़क से त्रस्त ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल|उदलियास

ग्राम पंचायत उदलियास क्षेत्र के ग्रामीण पिछले करीब 26 वर्षों से बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से आवागमन बेहद कठिन हो गया है। परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क का शीघ्र निर्माण करवाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथीभाटा चौराहा से उदलियास, चतरपुरा और कोदूकोटा तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए भीलवाड़ा



आने-जाने का प्रमुख रास्ता है। मजदूरी, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर युवाओं की बाइकें आए दिन खराब हो रही हैं और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

ग्रामीण प्रतिनिधियों विकास मूंदड़ा, मुरलीधर व्यास और एडवोकेट अरविंद सेन ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत की जा चुकी है। विधायक गोपीचंद मीणा और प्रधान करण सिंह बेलवा को भी सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि वर्षों से उपेक्षित इस सड़क का जल्द निर्माण करवाकर ग्रामीणों को राहत दिलाई जाए। इस दौरान एडवोकेट अरविंद सेन, मुरलीधर व्यास, विकास मूंदड़ा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# झरना महादेव हनुमान मंदिर में वैष्णव बैरागी समाज की बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल|मोड़ का निंबाहेड़ा

झरना महादेव हनुमान मंदिर परिसर में वैष्णव बैरागी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष रामगोपाल वैष्णव बराना ने की।

बैठक में रामानंदाचार्य मंदिर निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की गई तथा समाज के भामाशाहों से सहयोग का आह्वान किया गया। इस दौरान छाऊ देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय नन्दा दास जी कोरनास वाले की ओर से मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की गई। अध्यक्ष रामगोपाल वैष्णव ने समाज के सभी भामाशाहों से मंदिर निर्माण कार्य में अधिक से अधिक सहयोग देने तथा नए भामाशाहों को जोड़ने की अपील की, ताकि मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होकर संपूर्णता की ओर बढ़ सके। बैठक में समाज सचिव सांवर हरिपुरा, श्रवण दास बी.के. सरेरी, घनश्याम बैरन, गीसू मानसिंह का खेड़ा, महावीर रूपुरा, प्रहलाद कोरनास, लोभू मेंफलिया सहित सातों मंडलों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. प्रियंका मेहता सचिव, प्रिया कोठारी कोषाध्यक्ष मनोनित




स्मार्ट हलचल|पंकज पोरवाल

**भीलवाड़ा।** लघु उद्योग भारती भीलवाड़ा महिला इकाई में वर्ष 2026-27 हेतु नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। इकाई अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि डॉ. प्रियंका मेहता को सचिव एवं प्रिया कोठारी को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मनोनीत पदाधिकारियों ने महिला उद्यमिता को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि महिला उद्यमियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### शेरपुरा में धरती आबा जनभागीदारी शिविर आयोजित, योजनाओं का लाभ लेने उमड़े ग्रामीण

# 'सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे' – उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा

स्मार्ट हलचल



ग्राम पंचायत बाकरा के राजस्व गांव शेरपुरा में मंगलवार को धरती आबा जनभागीदारी शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। शिविर के दौरान प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कई कार्यों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की।

शिविर में उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम हैं, जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा जागरूक रहने की अपील की।

शिविर में प्रशासक निशा वीरेंद्र मीना ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, पशुधन निरीक्षक रामराज मीणा, तकनीकी सहायक दिलराज मीणा, कनिष्ठ लिपिक कांता मीणा, सीएचओ अनीता गुर्जर, अशोक शर्मा, एएनएम निर्मला मीणा, सोना मीणा, कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीणा, आशा सहयोगिनी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शिविर के दौरान राजस्व, पंचायत, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित अनेक कार्य किए गए। ग्रामीणों ने पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, मनरेगा, स्वास्थ्य जांच, पशु चिकित्सा एवं अन्य योजनाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने शिविर को जनहितकारी बताते हुए प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

# चेतन मानसिंहका टाइगर फोर्स के जिला अध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



**गुरला।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी टाइगर संस्थान (टाइगर फोर्स) के भीलवाड़ा इकाई के अध्यक्ष पद पर प्रमुख समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद, ट्रस्टी चेतन मानसिंहका को मनोनीत किया गया है।

राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी टाइगर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एल मीणा ने टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी की अनुशंसा पर यह नियुक्ति दी गई। मानसिंह का जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रहते हुए कई सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।

मानसिंहका का कार्यकाल (2026 से 2028 तक) तीन वर्ष रहेगा तथा जिला कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र ही किया जायेगा।

टाइगर फोर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष चेतन मानसिंहका ने कहा कि टाइगर फोर्स संस्थान के जन अभियान के माध्यम से आम जन को हिंसा का प्रतिकार करने के लिए शिक्षित व प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि समाज में शांति व सुरक्षा के भावों का विकास हो सके।

# विधायक गोपीचंद मीणा आज करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं एस.टी. मोर्चा (भाजपा) प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा बुधवार को क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा विद्युतीकरण से जुड़े कई कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जाएगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9 बजे आसोप-बोरडा सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। साथ ही राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र, आसोप का उद्घाटन तथा राजकीय पशु चिकित्सालय, छापडेल का शिलान्यास भी किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 11 बजे भगवानपुरा (कोठाज) में बायपास सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

दोपहर 12 बजे भील बस्ती, आसावरी (कोठाज) में विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण होगा। वहीं दोपहर 1 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, अमरपुरा में दो अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का उद्घाटन तथा अमरपुरा से श्री गणेश घाट तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। भाजपा पदाधिकारियो ने क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विकास कार्यों के शुभारंभ के साक्षी बनने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल| मोड़ का निंबाहेड़ा

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति आसींद के आदेशानुसार मंगलवार को ग्राम पालड़ी में 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

तालुका सचिव निखिलेश जीनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि नालसा नई दिल्ली द्वारा ''rans-formative Tuesdays :: Legal Literacy Initiative' अभियान



संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पैनल अधिवक्ता तुलसीराम गुर्जर, अधिवक्ता हरिशंकर शर्मा एवं पीएलवी नारायण लाल जाट द्वारा ग्रामीणों को विधिक जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में बाल विवाह एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है तथा घरेलू हिंसा महिलाओं एवं परिवार के लिए गंभीर समस्या है। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह या घरेलू हिंसा की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन एवं संबंधित हेल्पलाइन को सूचना दें। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया गया कि 'सशक्त महिला और सुरक्षित बचपन ही मजबूत समाज की पहचान है।'

# आसींद में कांग्रेस एस.सी. विभाग की बैठक आयोजित

### संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर



स्मार्ट हलचल|आसींद

आसींद में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आसींद स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रभारी एस.सी. विभाग भीलवाड़ा एवं पी.सी.सी. एस.सी. विभाग जयपुर की महासचिव रेखा ने मुख्य रूप से भाग लिया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आर.सी. सांवरिया की उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष एस.सी. विभाग आसींद सुनील रेगर ने की। बैठक के दौरान प्रभारी रेखा का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पी.पी.सी. सचिव (कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ) पीरु मेघवंशी, लादू मेघवंशी करणगढ़, निर्मल मेघवंशी, दाऊद राजा शेख, रोशन लाल खटीक, विनोद कुमार रैगर, मुकेश कुमार बैरवा, सुरेश गुसर (जिला अध्यक्ष, अंबेडकर संस्था) सहित अनेक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को कांग्रेस संगठन से जोड़ने तथा गांव-गांव तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने पर चर्चा की गई। प्रभारी रेखा ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष रामलाल जाट, पूर्व विधायक हंगामा लाल मेवाड़ा एवं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आसींद के मार्गदर्शन में एस.सी. संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ संगठन हित में कार्य करने की बात कही गई।

# जोगणियां माताजी में मेवाड़ा समाज की आमसभा 26 को

### समाज सुधार और सामूहिक विवाह पर होगी चर्चा

स्मार्ट हलचल|मांडलगढ़

क्षत्रिय मेवाड़ा (कलाल) समाज (मेवाड़, खेराड़, आँतरी और ऊपरमाल क्षेत्र) की एक महत्वपूर्ण आमसभा आगामी 26 मई को जोगणियां माताजी में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन मेवाड़ा समाज की नवनिर्मित धर्मशाला की चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा की अध्यक्षता में होगा। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास और कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर मंथन किया जाएगा।

समाज के सचिव कमलेश मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आमसभा की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ होगी। इसके पश्चात समाज के विकास में योगदान देने वाले वरिष्ठजनों का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। बैठक में समाज के बंधुओं के साथ-साथ मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में भाग लेंगी।

बैठक के दौरान समाज के पिछले एक वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने, समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को गति देने तथा आगामी समय में एक भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। अध्यक्ष की अनुमति से समाज हित से जुड़े अन्य समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

### ये रहेंगे मौजूद

कार्यक्रम के समापन पर सभी समाजजनों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इस महत्वपूर्ण आमसभा में समाज को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए देवीलाल मेवाड़ा, नन्दलाल मेवाड़ा, उदयलाल मेवाड़ा, ललित मेवाड़ा, ममता देवी, गीता देवी और रचना देवी सहित समाज के कई गणमान्य लोग अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# गुरुणी के प्रति सच्ची श्रद्धा व समर्पण से ही जीवन को उत्तम बनाए:- मणीप्रभा

## तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव श्रद्धा और आराधना के साथ सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** राजस्थान प्रवर्तनी, शासन प्रभाविका पूज्या गुरुणी श्री यश कवर जी मसा की 90वीं दीक्षा जयंती के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति एवं धर्म आराधना के साथ सम्पन्न हो गया। महोत्सव के दौरान पूरे वातावरण में धर्म प्रभावना, गुरु भक्ति और तप आराधना की सरिता बहती रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

स्थानीय शीतल भवन में विराजित शीतल ज्योति परम पूज्या श्री मणीप्रभा जी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति को अपने



जीवन में संयम, संस्कार और गुरु भक्ति को अपनाने की आवश्यकता है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार में विनम्रता, सेवा और त्याग का समावेश ही सच्चा धर्म है। मणीप्रभा जी मसा ने कहा कि गुरुणी श्री यश कवर जी महाराज साहब का सम्पूर्ण जीवन तप, त्याग एवं साधना की प्रेरणा देता है। उनके जीवन आदर्शों को अपनाकर समाज में संस्कार और सद्भावना को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं से नियमित सामायिक, तप आराधना एवं धर्म ध्यान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मधुर व्याख्यानी पूज्या श्री सुमन प्रभा जी मसा ने धर्म की महत्ता बताते हुए कहा कि जीवन में सच्चा सुख केवल आत्मशांति से प्राप्त होता है। वहीं तरुण तपस्वी पूज्या रुचिका श्री जी मसा ने युवाओं को धर्म एवं संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पेसठिया छंद, धर्मसभा, यश चालीसा पाठ, गुणानुवाद सभा, सामूहिक एकासन एवं सामायिक दिवस सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। अंतिम दिन आयोजित गुणानुवाद सभा में श्रद्धालुओं ने गुरुणी श्री यश कवर जी मसा के जीवन आदर्शों का स्मरण करते हुए गुरु भक्ति व्यक्त की। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा एवं मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि तीनों दिनों तक आयोजित कार्यक्रमों में समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एकासन तप, सामायिक एवं धर्म आराधना में भाग लेकर वातावरण को धर्ममय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर संघ की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढा, पूर्व अध्यक्ष नवरतन मल पोखरना, संरक्षक सज्जन सिंह पोखरना, पूर्व प्रवक्ता शान्ति लाल पोखरना ने भी गुरुणी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वही सुनीता, अनिता, चन्दा पोखरना ने गीतिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में तीसरे दिवस के आयोजक बलवन्त सिंघवी ने सभी का आभार जताया।

### स्व. हरीश शर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी सम्पन्न

# देश को केवल नेता और भाषण नहीं, बल्कि नीति और आचरण की आवश्यकता – कुलगुरू सारस्वत

स्मार्ट हलचल|कोटा

नागरिक चेतना मंच, कोटा के तत्वावधान में पूर्व विधायक एवं युवा क्रांतिकारी छात्र नेता स्वर्गीय हरीश शर्मा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय सभागार, सीएडी ग्राउंड दादाबाड़ी रोड स्थित सभागार में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ।

समन्वयक शशि प्रकाश गौत्तम ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. हरीश शर्मा के सार्वजनिक जीवन, छात्र राजनीति में उनके योगदान तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रसंगों के स्मरण के साथ हुआ। समन्वय पंकज मेहता ने बताया कि प्रथम सत्र में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित संस्मरणों और संग्रहित विचारों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें वक्ताओं ने छात्र राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएसएस अधिकारी पी.सी. पवन ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएसएस अधिकारी अमर सिंह उपस्थित रहे। संचालन शशि प्रकाश गौत्तम ने किया।



द्वितीय सत्र में आयोजित मुख्य व्याख्यान में कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने 'राजनीतिक शुचिता : समय की आवश्यकता' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में शुचिता का अर्थ ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के पालन से है। वर्तमान समय में भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण ने राजनीति की छवि को प्रभावित किया है, ऐसे में जनप्रतिनिधियों का आचरण समाज के लिए आदर्श होना चाहिए।

प्रो. सारस्वत ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का विश्वास तभी मजबूत होगा जब राजनीति स्वच्छ, जवाबदेह और जनहित केंद्रित होगी। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, धनबल और बाहुबल पर नियंत्रण तथा त्वरित न्यायिक व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और परिवर्तन के साधन के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'देश को केवल नेता नहीं, बल्कि नीति और आचरण की आवश्यकता है। राजनीति गंदी नहीं होती, बल्कि उसमें आए गलत तत्व उसकी गरिमा को प्रभावित करते हैं। अब समय है कि राजनीति में शुचिता को पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। 'देश को भाषण नहीं आचरण चाहिए,देश को वाद नहीं देश को विवाद रहित विकास चाहिए। अंत में समन्वयक पंकज मेहता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी पी सी पवन व अमर सिंह सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे हरीश शर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। अंता के पवन गोचर ने कविता पाठ किया।

इस अवसर पर कैलाश बाहेती, रामकुमार दाधीच, डा.अनिल शर्मा, किशन पाठक,डा.बनवरी जिंदल,गोविंद शर्मा, किशन पाठक, पवन गोचर, डा एन एन शर्मा, यज्ञदत्त हाडा, रासबिहारी पारीक, कमल सिंह गहलोत, प्रद्युमन शर्मा, सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

**जनसंघर्ष के प्रतीक रहे हरीश शर्मा**

समन्वयक शशि प्रकाश गौत्तम ने स्व. शर्मा के छात्र आंदोलन और जनसंघर्षों को स्मरण करते हुए बताया कि वे हाड़ौती के क्रांतिकारी छात्र नेता रहे तथा लगातार तीन बार राजकीय महाविद्यालय, कोटा छात्रसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वर्ष 1972 में छात्रसंघ अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने कोटा के उद्योगों में हाड़ौतीवासियों को 80 प्रतिशत रोजगार देने की मांग को लेकर ऐतिहासिक आंदोलन चलाया, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिलने लगी। इसी दौर में उन्होंने हाड़ौती विश्वविद्यालय की मांग को लेकर व्यापक जनआंदोलन का नेतृत्व किया। लगभग दो हजार छात्रों के मशाल जुलूस और जनसमर्थन से यह आंदोलन ऐतिहासिक बना, जिसने आगे चलकर कोटा में विश्वविद्यालय स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। पंकज मेहता ने बताया कि वर्ष 1974 में प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव शुरू होने पर अपार छात्र समर्थन से हरीश शर्मा छात्रसंघ अध्यक्ष बने और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को कोटा आमंत्रित कर हाड़ौतीवासियों को उनके विचारों से परिचित कराया। आपातकाल के दौरान वर्ष 1975 में वे मीसा कानून के अंतर्गत 19 माह तक उदयपुर एवं भरतपुर जेल में निरुद्ध रहे। छात्र जीवन में बनी उनकी निर्भीक, दबंग और भ्रष्टाचार-अत्याचार के विरुद्ध संघर्षरत नेता की छवि जीवनभर अक्षुण्ण रही।

स्व. शर्मा वर्ष 1977 से 1990 तक लगातार तीन बार विधायक रहे, जिनमें रामगंजमंडी से एक बार और खानपुर से दो बार जनता का प्रतिनिधित्व किया। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य आज भी जनस्मृति में जीवंत हैं। गंभीर दुर्घटना और अस्वस्थता के बावजूद वे जीवनपर्यंत सामाजिक सरोकारों, भ्रष्टाचार एवं अत्याचार के विरुद्ध जनजागरण तथा चम्बल नदी शुद्धिकरण और पर्यावरण संरक्षण के अभियानों से जुड़े रहे।

## सेमलपुरा में 45 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू

**विधायक आक्या की अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से मिली स्वीकृति**



स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की अनुशंसा पर ग्राम सेमलपुरा में मोड का बालाजी मंदिर से गांव की ओर गौरवपथ तक 700 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण के लिए डीएमएफटी फंड से 45 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई थी। मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया।

जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रामेश्वरलाल धाकड़ ने बताया कि सड़क के अभाव में ग्रामीणों को लंबे समय से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने विधायक आक्या से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी थी, जिस पर उन्होंने शीघ्र सीसी सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने बताया कि स्वीकृति मिलने के बाद अब निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी तथा गांव का संपर्क मार्ग और अधिक सुगम हो सकेगा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रेम शर्मा, कन्हैयालाल धाकड़, श्यामलाल बैरागी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## दवा व्यापारियों का राष्ट्रव्यापी बंद आज

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

केमिस्ट एसोसिएशन की मांगों पर सरकार द्वारा कथित उपेक्षा के विरोध में राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) एवं प्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर चित्तौड़गढ़ जिला केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरुवार 20 मई को जिलेभर में दवा व्यापारियों का बंद रखा जाएगा।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अजमेर के पुष्कर का दौरा प्रस्तावित

स्मार्ट हलचल



**पुष्कर/अजमेर।** 1 जून को राहुल गांधी पुष्कर आएंगे । पुष्कर के वाइल्ड रोज होटल में कांग्रेस जिलाध्यक्षों की ट्रेनिंग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे । सूत्रों के अनुसार 23 मई से 1 जून तक कांग्रेस संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में 10 दिन का कार्यक्रम आयोजित होंगे । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी पुष्कर आयेंगे । बताया जाता है कि पंचायत एवं बूथ स्थर पर संगठन को सक्रिय करना और पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम है।

## सुख का विलोम दुःख है - पवन

**पुष्कर के दाधीच भवन में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ**



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** मालोदिया परिवार रतरेश, सूरत द्वारा अधिक भास के उपलक्ष में आयोजित 7 दिवसीय भागवत कथा बुधवार को विधिवत प्रारम्भ हुई। कथा के आरम्भ भव्य कलश यात्रा रामधाम से शुरू हुई। जिसमें पीताम्बर पहने माताओं बहनों ने बड़ी संख्या में कलश उठाये। बैंड बाजों के साथ आनन्द उल्लास भरे वातावरण में सभी भक्तजन साथ रहे । मालोदिया परिवार ने बताया कि भगवान की यह कथा तीर्थराज पुष्कर में श्रवण करना बड़े सौभाग्य का विषय की बात है ।

व्यासपीठ से कथावाचक पवन किशोर ने कहा कि सुख का विलोम दुःख है। अन्य स्थिति भी आगे पीछे होती है। लेकिन भगवान आनन्द के आगे पीछे भी केवल आनन्द है। भागवत कथा ही ऐसा माध्यम है जो ज्ञान, वैराग्य और अध्यात्मक का मार्ग दिखलाता है। जिसे राजा परीक्षित ने भी अपने अंतिम जीवन के समय में सुना। साथ ही कथा में पधारे गणमान्य अतिथियों को महाराजश् ने दुपट्टा ओढाकर आर्शीवाद दिया। जिसमें गोविन्द जी शर्मा, रामनिवासजी शर्मा, रिजवा श्री जे.पी. शर्मा, भंवरलाल विनोद दाधीच शामिल थे। मालोदिया परिवार खरेश, सूरत ने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे का रहेगा।

## ऑटो रिक्शा चालक यूनियन ने किराया बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल कीमतों का हवाला देकर प्रति सवारी 5 रुपए बढ़ोतरी की मांग**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



ऑटो रिक्शा चालक यूनियन (इंटक) द्वारा मंगलवार को जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ को ज्ञापन सौंपकर ऑटो किराया राशि में बढ़ोतरी की मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने बढ़ती महंगाई एवं पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए प्रति सवारी किराए में 5 रुपए बढ़ाने की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि चित्तौड़गढ़ एक प्रमुख पर्यटन स्थल है तथा दुर्ग को हेरिटेज में शामिल किए जाने के कारण यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक एवं दर्शनार्थी आते हैं। पर्यटक किले सहित शहर के विभिन्न स्थलों तक पहुंचने के लिए बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा सेवाओं का उपयोग करते हैं।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शहर में करीब 3000 से 4000 ऑटो चालक ऑटो संचालन के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। वर्ष 2019 में प्रशासन की सहमति से ऑटो किराए में बढ़ोतरी की गई थी, जिसमें प्रति व्यक्ति किराया 10 रुपए से बढ़ाकर 20 रुपए निर्धारित किया गया था।

यूनियन का कहना है कि पिछले कई वर्षों में महंगाई लगातार बढ़ी है तथा तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, लेकिन इसके बावजूद किराए में कोई संशोधन नहीं किया गया। ऐसे में वर्तमान किराया राशि में ऑटो चालकों के लिए परिवार का पालन-पोषण करना कठिन होता जा रहा है। इसी को देखते हुए यूनियन ने पूर्व निर्धारित किराया राशि में प्रति सवारी 5 रुपए बढ़ाने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष अयुब अली, जिला उपाध्यक्ष मुश्ताक अली, नगर अध्यक्ष शंकर राव, सलाहकार रूस्तम खान, उपाध्यक्ष राकेश पटवा, सुल्तान, बंटी बसोड़, मुकेश, प्रकाश दास, मुन्ना खान, रतन, शैतान सिंह, प्रकाश राव, अजीज खान, दुर्गेश, मुकेश जायसवाल सहित कई ऑटो चालक उपस्थित रहे।

## शिरीष त्रिपाठी गुजरगौड़ समाज के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**महासभा ने संगठन विस्तार को लेकर की नियुक्ति**

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



गुजरगौड़ ब्राह्मण महासभा के संगठनात्मक विस्तार को लेकर राष्ट्रीय महासमिति की सर्वसम्मति एवं संगठन की स्वीकृति से शिरीष त्रिपाठी को चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन राज आचार्य द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार संगठन के सांगठनिक कार्यों को गति देने एवं समाज को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया। नियुक्ति के बाद विप्र समाज में हर्ष का माहौल देखा गया तथा समाजजनों ने शिरीष त्रिपाठी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

महासभा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि आगामी एक माह के भीतर जिला कार्यकारिणी का गठन कर उसकी घोषणा की जाए, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि शिरीष त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों को गति प्राप्त होगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय गुजरगौड़ ब्राह्मण महासभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



अन्तर्राष्ट्रीय गुजरगौड़ ब्राह्मण महासभा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह गंगापुर-सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र स्थित बाईसा महारानी की पावन नगरी गंगापुर के सुहस्ति वाटिका में धार्मिक एवं सामाजिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम महंत श्री 1008 श्यामसुंदर दास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें समाज के प्रबुद्धजन एवं विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह जानकारी महासभा के चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष शिरीष त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि समारोह में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नवगठित कार्यकारिणी को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महर्षि गौतम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद आगंतुक अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित नारायण व्यास, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट श्याम शर्मा निंबाहेड़ा, केंद्रीय अधिशाषी अधिकारी कीर्ति कुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरकंट उपाध्याय, राष्ट्रीय महामंत्री श्याम सुंदर त्रिपाठी, पूर्व विधायक गायत्री देवी त्रिवेदी, राजेंद्र त्रिवेदी, ज्योति उपाध्याय, एडवोकेट महावीर आचार्य, रंजन राज आचार्य उदयपुर, अभिजीत शर्मा सहित विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित नारायण व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता, शिक्षा एवं संस्कारों में निहित होती है। उन्होंने युवाओं को वैदिक परंपराओं से जुड़ने तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरकंट उपाध्याय ने कहा कि महासभा समाज के युवाओं को शिक्षा, संस्कृति एवं सामाजिक चेतना से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेगी। वहीं राजेंद्र त्रिवेदी ने आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित रखने पर बल देते हुए युवाओं से नशामुक्ति एवं सामाजिक सेवा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। ज्योति उपाध्याय ने महिला शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण को समाज की उन्नति का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय महामंत्री गोपी किशन व्यास ने किया।

समारोह में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बाल किशन शर्मा, कमलेश त्रिवेदी, राजेंद्र त्रिपाठी, किशन जी बावलास, जिला संरक्षक रामजी भट्ट, जिला सलाहकार समिति प्रमुख दिनेश शर्मा सहित कई समाजजन उपस्थित रहे। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट श्याम शर्मा एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्यामसुंदर त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज सेवा, संगठन विस्तार एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

## नीट पेपर लीक के विरोध में 21 मई को जयपुर में राज्यव्यापी धरना

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 21 मई को जयपुर स्थित पीसीसी कार्यालय में आयोजित राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़ से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के दिशा-निर्देश एवं पीसीसी एससी विभाग अध्यक्ष ममता भूपेश के निर्देशों पर आयोजित इस धरना प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़ से कांग्रेस पीसीसी सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामेश्वर बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जयपुर पहुंचेंगे।

जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल बैरवा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं एससी विभाग अध्यक्ष ममता भूपेश सदैव युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण से देशभर के लाखों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है तथा युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। इसी के तहत चित्तौड़गढ़ से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन धरना प्रदर्शन में भाग लेकर विरोध दर्ज कराएंगे।

## सोनी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन, पूर्व मंत्री आंजना ने की शिरकत

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** निंबाहेड़ा की पावन धरा पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का मंगलवार को अपार श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। सोनी (माहेश्वरी) परिवार (बालचंद, सूरज, मनीष, नितेश सोनी) के तत्वावधान में 13 मई से चल रहे इस विराट धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर विशाल प्रसादी ग्रहण की।

**सनातन चेतना का दिव्य प्रकाश है भागवत कथा: उदयलाल आंजना**

राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मंगलवार अपराह्न आयोजन स्थल पहुंचकर व्यासपीठ पर विराजित भागवत मर्मज्ञ संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज से आशीर्वाद लिया।



इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आंजना ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन को संस्कारित करने वाली आध्यात्मिक चेतना का दिव्य महायज्ञ है। उन्होंने कहा कि यह कथा समाज में प्रेम, करुणा, सेवा, सदाचार और ईश्वर भक्ति का संदेश देकर हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। आंजना ने वर्तमान समय में सनातन संस्कृति एवं वैदिक परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता के प्रेरणास्रोत हैं।

संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज ने प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 4:30 बजे तक श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपान कराया। कथा के अंतिम दिन मंगलवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं वसंतोत्सव के प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। इन प्रसंगों को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। पूरा वातावरण 'राम-राम' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

कथा के समापन अवसर पर निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी और चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं हजारों श्रद्धालुओं ने संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मलाभ अर्जित किया।

## पूर्व मंत्री आंजना की अनुशंसा पर अल्पेश गोस्वामी बने चित्तौड़गढ़ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, 21 किलो की माला से हुआ भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा



राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर चित्तौड़गढ़ जिला एनएसयूआई (हस्ढ्ढ) को नया अध्यक्ष मिल गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अल्पेश गोस्वामी ने मंगलवार को निंबाहेड़ा स्थित पेच एरिया कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पूर्व मंत्री आंजना से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

**21 किलो की माला पहनाकर किया गया अभिनंदन**

मंगलवार दोपहर चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के निवर्तमान सभापति संदीप शर्मा के नेतृत्व में अल्पेश गोस्वामी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। यहां मौजूद कांग्रेसजनों और युवा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, संदीप शर्मा और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का 21 किलो वजनी गुलाब की विशाल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

**युवाओं की आवाज है एनएसयूआई: आंजना**

इस अवसर पर पूर्व मंत्री आंजना ने अल्पेश गोस्वामी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसयूआई सदैव छात्रों और युवाओं की मुखर आवाज रही है। संगठन के मजबूत होने से कांग्रेस की विचारधारा को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। आंजना ने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठनात्मक एकता को बनाए रखें और छात्र हितों के साथ-साथ जनसेवा के कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

**इन प्रमुख नेताओं की रही मौजूदगी**

इस भव्य स्वागत और आशीर्वाद समारोह में कई प्रमुख कांग्रेसी नेता और युवा पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, युवा नेता आशाराम गाडरी, निंबाहेड़ा विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक अध्यक्ष भंवरसिंह शक्तावत, अनिल प्रजापत, विकास धाकड़, हरिकिशन माली, श्रवण आंजना और कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन शामिल थे।

# सफाई व्यवस्था को बेहतर और पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए जिला कलक्टर ने किया शहर का दौरा

## एक ही वाहन में अधिकारियों के साथ दौरा कर दिया ईंधन बचाने का संदेश

स्मार्ट हलचल| बूंदी



बूंदी शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और पर्यटन स्थलों को संवारने के लिए मंगलवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा, नगर परिषद आयुक्त और पर्यटन अधिकारी के साथ खुली जीप में शहर का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने शहर के बाइपास रोड, नवल सागर झील, बालचंद पाडा, मीरा गेट, सुखमहल, बाणगंगा क्षेत्र, पुरानी कृषि उपज मंडी और नगर परिषद के कायन हाउस सहित विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया। दौरे के दौरान उन्होंने शहरवासियों से सफाई व्यवस्था को लेकर संवाद कर फीडबैक भी लिया, जिस पर लोगों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### ईंधन बचाने का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ईंधन की खपत में संयम बरतने की गई अपील के दृष्टिगत मितव्ययिता और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए अलग-अलग सरकारी गाड़ियों के लंबे काफिले के बजाय केवल एक ही वाहन का इस्तेमाल किया। जिला कलक्टर ने नगर परिषद और पर्यटन विभाग के अधिकारियों को अपने साथ एक ही खुली जीप में बिठाकर पूरे शहर का सघन दौरा कर आमजन को भी ईंधन बचाने और उसका सदुपयोग करने का सकारात्मक संदेश दिया।

### पर्यटन विकास का रोड मैप तैयार

जिला कलक्टर ने कहा कि बूंदी प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, और यहां बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। लोकसभा अध्यक्ष और राज्य सरकार ने बूंदी के विकास का रोड मैप तैयार किया है। इन विकास कार्यों के पूरा होने के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्थाओं में सफाई सबसे अहम है। पार्किंग स्पेस विकसित करने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पर्यटकों को अच्छी सुविधाएं देने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर ने आमजन और सामाजिक संगठनों से शहर को स्वच्छ बनाने के लिए रचनात्मक सुझाव मांगे। उन्होंने अपील की कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। हर दुकानदार, प्रतिष्ठान संचालक और ठेले वाले बाहर एक बड़ा डस्टबिन जरूर रखें। कचरा नालियों में न डालें ताकि बारिश में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। कचरे का उचित निस्तारण नगर परिषद के निर्धारित कचरा पॉइंट या कचरा संग्रहण वाहन में ही करें। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सुनियोजित कार्य योजना बनाकर सुखमहल को विकसित किया जाए। जैतसागर के वेस्ट वियर के पास जमा गंदगी तुरंत साफ करवाई जाए। नगर परिषद के कायन हाउस को और बेहतर तरीके से विकसित किया जाए। बारिश के मौसम में यहां जलभराव न हो, इसके लिए पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। पुराने शहर की ऐतिहासिक और हेरिटेज दीवारों का सौंदर्यीकरण किया जाए। साथ ही, हाईवे पर आरवीटीआर का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। पुरानी धानमंडी में प्रस्तावित बस स्टैंड पर पुलिस चौकी और पर्यटकों के लिए आवश्यक जनसुविधाएं विकसित की जाएं।

दौरे के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने कहा कि शहर में बेहतर यातायात प्रबंधन की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। यातायात सुव्यवस्थित होने से न केवल शहरवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यटकों को भी भ्रमण में अच्छी व्यवस्था मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में पुलिस विभाग की ओर से प्रशासन को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# भालू के हमले से डाबेटा निवासी एक अधेड़ हुआ बुरी तरह घायल

## वन विभाग की लापरवाही आई सामने

स्मार्ट हलचल| बूंदी

कल सुबह भालू के हमले से डाबेटा गांव में एक अधेड़ बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर 3 घंटे की सर्जरी के बाद घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है। प्लास्टिक सर्जन डॉ. आशीष व्यास ने बताया कि हरलाल को गंभीर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर आए थे जिसे तुरंत ऑपरेशन थिएटर में लिया गया।

उसका चेहरा पूरी तरह से जख्मी था। गाल की हड्डी टूटी हुई थी और आंख पर भी गंभीर घाव हो रहे थे लगभग ढाई सौ टांके लगाकर घायल की सर्जरी की गई। रक्त अत्यधिक बह जाने के कारण दो यूनिट रक्त चढ़ाया गया। फिलहाल घायल की स्थिति खतरे से बाहर है फिर भी अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। वही ग्रामीणों ने बताया कि डाबेटा निवासी 60 वर्षीय हरलाल गुर्जर पुत्र रघुनाथ गुर्जर वन विभाग की दीवार के पास स्थित अपने बाड़े में सो रहा था। अचानक सुबह 5 बजे भालू ने उसे पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाया कि वन विभाग की दीवार टूटी होने के कारण भालू गांव में प्रवेश कर गया। अगर वन विभाग की दीवार का निर्माण कार्य समय पर पूरा करवा दिया जाता तो ऐसा नहीं होता। विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया था कि वह समय रहते टूटी हुई दीवार का निर्माण कार्य करवा दे पर उन्होंने निर्माण करवाने पर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में आज भालू ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर घायल हुआ है।

# नैनवा रोड स्थित रावणा राजपूत सामूहिक भवन से जुड़ा मामला




स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिले में रावणा राजपूत समाज के सामुदायिक भवन को कुंछ लोगो द्वारा असवैधानिक तरीके से बचने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों को समझौता वार्ता के लिए कोतवाली पुलिस थाना बुलाया गया था। मगर पुलिस थाना में आरोपी पक्ष के नहीं पहुंचने से कोई वार्ता, नहीं हो पाई। प्रथम पक्ष सर्व रावणा राजपूत के प्रतिनिधियों ने भंवर सिंह पुत्र कन्हैया माटुंगा निवासी, रमेश सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी पुराना माटुंगा रोड बूंदी, नरेंद्र सिंह पुत्र दुर्गा सिंह निवासी पावर हाउस की गली नैनवा रोड, सत्यनारायण सिंह कल्याण सिंह निवासी गुरु नानक कॉलोनी बूंदी उक्त लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट एवं पुलिस के द्वारा उचित कार्यवाही की मांग की है

उक्त व्यक्तियों को पाबंद कर प्रकरण का निस्तारण की मांग की है ओर साथ ही एक महीने में निस्तारण नहीं होने पर समस्त रावणा राजपूत समाज द्वारा उग्र आंदोलन करने को भी कहा गया है। इस दौरान रावणा राजपूत समाज प्रतिनिधि शंभू सिंह सोलंकी सहित समाज बंधु गण मान्य लोग मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी

स्मार्ट हलचल|बूंदी

राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान का गत दिनों समापन हुआ। इसके तहत नैनवां, हिण्डोली और तालेडा पंचायत समिति में आयोजित कार्यक्रमों में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इसी क्रम में मंगलवार को बूंदी व केशवरायपाटन पंचायत समिति में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दी गई। इस दौरान जिले में संचालित हुए ग्राम रथ अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके माध्यम से ग्रामीण बेहद लाभान्वित हुए। एक ओर जहां उन्हें योजनाओं की जानकारी मिली, वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं का लाभ भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में तालेड़ा पूर्व प्रधान राजेश रायपुरिया ने ग्राम रथ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अभियान के तहत मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के साथ-साथ ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओ की व्यापक जानकारी दी गई। इससे न केवल ग्रामीण जागरूक हुए बल्कि इन योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा सरकार का आभार भी जताया गया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन और नुक्कड नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां उपस्थितजनों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया।

इस दौरान उपखंड अधिकारी नैनवां भागचंद रैगर, तहसीलदार नैनवां रामराय मीणा, मंडल अध्यक्ष तालेड़ा राजेन्द्र चौधरी, तहसीलदार हिंडोली रतन लाल मीणा के.पाटन में पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह हाड़ा, विकास अधिकारी भानु प्रताप हाड़ा, बूंदी में तहसीलदार अर्जुन लाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# कोटा एवं झालावाड़ सिटी से चलने वाली रेलसेवाओं का आसलपुर जोबनेर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव

स्मार्ट हलचल| कोटा

मंडल के यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा कोटा मंडल से संचालित दो महत्वपूर्ण रेलसेवाओं का आसलपुर जोबनेर स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि – 1. कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस (गाड़ी सं. 22981/22982)

गाड़ी संख्या 22981, कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस (सप्ताह में 04 दिन) दिनांक 19.05.2026 से आसलपुर जोबनेर स्टेशन पर 22.50 बजे आगमन एवं 22.52 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22982, श्रीगंगानगर-कोटा एक्सप्रेस (सप्ताह में 04 दिन) दिनांक 22.05.2026 से उक्त स्टेशन पर 04.38 बजे आगमन एवं 04.40 बजे प्रस्थान करेगी।

2. झालावाड़ सिटी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस (गाड़ी सं. 22997/22998)

गाड़ी संख्या 22997, झालावाड़ सिटी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस (सप्ताह में 03 दिन) दिनांक 20.05.2026 से आसलपुर जोबनेर स्टेशन पर 22.50 बजे आगमन एवं 22.52 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22998, श्रीगंगानगर-झालावाड़ सिटी एक्सप्रेस (सप्ताह में 03 दिन) दिनांक 20.05.2026 से उक्त स्टेशन पर 04.38 बजे आगमन एवं 04.40 बजे प्रस्थान करेगी।

# कर्मचारियों के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून और नियमावली के लिए हैदराबाद की बैठक में शामिल होंगे एनएफआईटीयू महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय

स्मार्ट हलचल



**कानपुर।** हैदराबाद में आगामी 22 और 23 में को होने वाली आई एल ओ की बैठक में एनएफआईटीयू के प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय भी शामिल होंगे। आई एल ओ की यह महत्वपूर्ण बैठक प्लेट फार्म वर्कर गिंग, डिलवरी बॉय के रूप, ट्रेवल्स वर्कर जैसे कार्यों को करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं पर अन्तर्राष्ट्रीय कानून व नियमावली बनाये जाने से संबंधित है।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि इन प्लेटफार्म वर्करों के लिए कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए आईएलओ की पहल पर भारत सरकार के समस्त ट्रेड यूनियनों की सहभागिता से दिल्ली, हैदराबाद में पूर्व में भी दो बैठके हो चुकी है और तीसरी बैठक 22 व 23 मई को हैदराबाद में पुनः आयोजित की गयी है।

वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि कामगारों की हित में इस महत्वपूर्ण बैठक में पिछले 02 बैठको की कार्यवृत्ति पर चर्चा करने और आम सहमति के आधार पर कानूनी निर्माण के लिए एक प्रपत्र एक रास्ता तैयार किया जायेगा।

अनेक श्रमिक आंदोलन के सफल अगुवाकार राकेश मणि पांडे ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ दुनिया के मजदूरों के लिए एक कार्य योजना तैयार करती है और इसके सदस्य संगठन देश इन कार्य योजनाओ को कानून बनाकर कर लागू करने का कार्य करती है।

उन्होंने बताया कि हैदराबाद की बैठक में सभी पंजीकृत व मान्यता प्राप्त केन्द्रीय संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे जिसमें एनएफआईटीयू के सदस्य भी सम्मिलित होंगे। इसमें प्लेट फार्म वर्करों की कार्यदशा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक संरक्षण और भविष्य सुरक्षा व चिकित्सीय सुविधा के लिए नियमावली बनाये जाने पर गहन विचार विमर्श किये जायेंगे और सदस्य देशो से इसे कानून को मूर्त रूप में लाकर इनके संरक्षण के लिए प्रयास करेगी।

राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि भारत सहित सभी देशों में ऑन लाईन बाजार व्यवस्था होने के कारण प्लेट फार्म वर्करों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और करोड़ों युवा इसमें जुड़ चुके हैं।

राकेश कुमार पांडे ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थय और आर्थिक सुरक्षा, भविष्य संरक्षण की वैधानिक कानून व नियमावली न होने के कारण उनका जमकर शोषण होता है। जिसके बचाव के लिए आईएलओ द्वारा गहन विचार विमर्श कर इसमें लगे कामगारों की सुरक्षा के लिए नियम उपनियम व बानून बनाने के लिए सरकारों को निर्देशित करने का काम करेगी। और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्बन्धित सदस्य देशों को इसे लागू कराये जाने पर विचार करेगी। जिससे इस क्षेत्र में कामगारों का भविष्य सुरक्षित हो सकें।

# प्रदीप शर्मा नवग्रह शनि देव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोनीत



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** नवग्रह शनि देव मंदिर ट्रस्ट की एक बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रदीप शर्मा को ट्रस्ट का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

आज नवग्रह शनि देव मंदिर ट्रस्ट की एक मीटिंग का आयोजन शनिदेव मंदिर परिसर में किया गया जिसमें वर्ष भर के आय व्यय का ब्यौराअध्यक्ष श्री हरिराम पारेता द्वारा प्रस्तुत किया गया साथ ही स्वैच्छिक अध्यक्ष पद से निवृत्ति के लिए भी निवेदन किया। इसके उपरांत नरेश माधवनी ने अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किया तथा सर्वसम्मति से प्रदीप शर्मा को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया

### यह कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा

बैठक में आगामी समय में मंदिर मैं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विचार किया गया साथ ही यह निर्णय लिया गया कि प्रति माह एक बैठक आयोजित कर सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी इस बैठक में हरिराम पारेता .प्रदीप शर्मा .नरेश माधवनी. राजू तिवारी .मुकेश कारपेंटर .प्रवीण गुप्ता. सुमित लड्ढा. प्रताप सिंह झाला .ठेकेदार दुर्गा शंकर यादव महेश झवर , राजेश नाहर राकेश मकवाना के प्रतिनिधि और रामविलास शर्मा उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर कर दिया मानवता का संदेश, 58 यूनिट हुआ रक्तदान



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए एक्मे फिनट्रेड इंडिया लिमिटेड द्वारा सवीना सर्कल स्थित परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 58 यूनिट रक्तदान किया। शिविर के माध्यम से मानवता, सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। कंपनी के सीएमडी निर्मल कुमार जैन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। शिविर के दौरान 'डोनेट ब्लड, सेव लाइव्स' का संदेश देते हुए लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए आयोजन स्थल पर सेवा एवं सहयोग का वातावरण बना रहा। आयोजकों ने रक्तदाताओं का सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर निदेशक दीपेश जैन, सुरेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र चित्तौड़ा, यशपाल जैन, रमेश कुमार लालावत, आकाश जैन, विप्लव कुमार जैन, मनीष मेनारिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# दूध पर जल्द लागू होगा एमएसपी, चिल्लीमल यमुना पुल को प्राथमिकता : राज्य मंत्री कृष्णा पासवान

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

पशुपालन एवं दुग्ध विकास राज्यमंत्री कृष्णा पासवान के नगर पंचायत खखरेरू में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत रावण मैदान स्थित शिव शंकर मंदिर में दर्शन-पूजन से हुई, जिसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञानचंद केसरवानी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से अभिनंदन किया।

कस्बे के रॉयल गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सुदनपुर प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना व राष्ट्रगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने छात्राओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित पूरे स्टाफ को धन्यवाद दिया। ग्रामीण क्षेत्र से होने के बावजूद विद्यालय के दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उन्होंने विशेष बधाई दी।

बैठक में किसानों ने बताया कि क्षेत्र में संचालित निजी डेयरियों से उन्हें दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पाता और कई डेयरियां कुछ महीनों बाद बंद हो जाती हैं, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस पर राज्यमंत्री ने जल्द ही दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने का आश्वासन दिया। साथ ही क्षेत्र में नेशनल डेयरी प्लांट स्थापित कराने की बात कही, जिससे दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों को स्थायी लाभ मिल सके।

गढ़ा क्षेत्र पंचायत सदस्य हिमांशु त्रिपाठी ने चिल्लीमल यमुना पुल निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पुल बनने से यमुना पार क्षेत्रों और खखरेरू के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा और व्यापार व आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। इस पर राज्यमंत्री ने पुल निर्माण को प्राथमिकता में शामिल करने का आश्वासन दिया।

# मोदी की नीतियों से देश अघोषित आर्थिक आपातकाल की और बढ़ रहा: जाड़ावत

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़।** देशभर में हो रहे तेल संकट एवं डीजल पेट्रोल की राशनिंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने हमला बोलते हुए कहा कि इनकी नीतियों की वजह से देश अघोषित आर्थिक आपातकाल की और बढ़ रहा है प्रधानमंत्री मोदी समाने असहज आ रहे है रूस के साथ तेल खरीद सीमा समाप्त हो गई पेट्रोल डीजल के दामों में निरंतर बढ़ोतरी होती रहेगी इससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर सीधा असर पड़ेगा महंगाई बढ़ेगी जिससे आमजन गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ साथ किसान वर्ग प्रभावित होगा आगे तेल के दामों में और वृद्धि होगी गैस के दाम बढ़ेगा सरस दूध के भी दाम बढ़ने की संभावना है चुनाव जीतने के लिए देश को मुगालते में रखा महंगाई से अब स्थिति प्रतिदिन भयावह होती चली जाएगी।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी जो भी कह रहे है सच साबित हो रहा है चाहे नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना में से पूर्व कही गई सभी बाते सच हुई है नेता विपक्ष कह रहे है देश में आर्थिक तूफान आने वाला है जिसका असर अडानी अंबानी वह महलों में बैठे रहेंगे लेकिन आमजन को आर्थिक नुकसान का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

पूर्व राज्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आड़े लेते हुए कहा कि एक तरफ किसान की समर्थन मूल्य पर बिकवाली नहीं हो रही है विधायक साइकिल चलाने की नौटंकी कर रहे है जिससे काम नहीं चलेगा किसानों व्यापारियों जनता के लिए सरकार से आर्थिक संकट को दूर करने के लिए लड़ना होगा यह उनकी जिम्मेदारी है।

# ब्यावर में जिला स्तरीय मीडिया संवाद बैठक आयोजित, हुई विस्तृत चर्चा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर सभागार में आज जिला स्तरीय 'मीडिया संवाद बैठक' का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों, अधिकृत व अधिस्वीकृत पत्रकारों, पब्लिकेशन प्रतिनिधियों तथा सोशल मीडिया हैंडल संचालकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मीडिया गतिविधियों और जनसंपर्क से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि संवाद के दौरान स्थानीय स्तर पर समाचार पत्रों के नियमित प्रकाशन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों के प्रसारण और विभिन्न पब्लिकेशन्स की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही आज के दौर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर संचालित हो रही समाचार एवं जनसंपर्क गतिविधियों की प्रभावशीलता को लेकर भी मंथन हुआ।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका पर जोर

बैठक में बदलते दौर के साथ जनसंचार में सोशल मीडिया हैंडल्स एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आमजन तक सरकार की जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाने में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम साबित हो सकता है। इसके प्रभावी उपयोग और जनभागीदारी बढ़ाने को लेकर बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। साथ ही, सूचना प्रसारण को अधिक त्वरित, प्रभावी और विश्वसनीय बनाने के उपायों पर भी जोर दिया गया।

### जनोन्मुख तंत्र विकसित करना मुख्य उद्देश्य

इस संवाद बैठक का मुख्य उद्देश्य मीडिया और जनसंपर्क तंत्र को और अधिक समन्वित, सक्रिय और जनोन्मुख (पब्लिक-ओरिएंटेड) बनाना है। ताकि शासन की महत्वपूर्ण सूचनाएं, जनकल्याणकारी नीतियां और योजनाएं समयबद्ध रूप से और सही रूप में आमजन तक पहुंच सकें।

# डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठक

## कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण पर दिए अहम निर्देश

स्मार्ट हलचल | जयपुर

पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेशभर के रेंज आईजी, पुलिस आयुक्तों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन, बजरी परिवहन और भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रग्स तस्करी के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने, पुलिस की फील्ड विजिबिलिटी बढ़ाने और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले तीन माह में उनके स्तर पर एक वर्ष से अधिक लंबित कोई भी प्रकरण नहीं रहना चाहिए। झूठे मुकदमों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

### गैंगस्टर्स और संगठित अपराध पर विशेष फोकस

बैठक में राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं के आधार पर संगठित अपराध, गैंगस्टर्स के विरुद्ध चल रही कार्रवाई और विभिन्न गंभीर आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने प्रभावित जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर फोकस्ड कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्ति की कुर्की और जब्ती की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों में सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग, ई-सम्मन और वारंट की तामील तथा ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था की भी



समीक्षा की गई।

### केस ऑफिसर स्कीम में लें महत्वपूर्ण मामले

डीजीपी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में लेकर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में रेंजवार एरिया डोमिनेशन अभियान तथा मालखानों में जब्त सामान के निस्तारण की भी समीक्षा की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को भी प्रमुखता से लिया गया। भीलवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में अधिक मृत्यु दर पर चिंता जताते हुए संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी श्री शर्मा ने हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटरसेप्टर और ब्रेथ एनलाइजर के अधिकतम उपयोग के माध्यम से प्रभावी चेकिंग करने को कहा। साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लाइन एवं कार्यालय परिसरों में विशेष व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

### साइबर अपराध नियंत्रण और 1930 हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम और बेहतर अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त, निस्तारित एवं लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी एसपी को इसकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।

### ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें

डीजीपी श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि पुलिस थानों पर आने वाले परिवादियों को ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण पर की जा रही कार्रवाई की नियमित जानकारी मिलती रहे और समीक्षा प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी हो सके।

### महिला सुरक्षा और पुलिस सुविधाओं की भी समीक्षा

बैठक में महिला सुरक्षा गतिविधियों के प्रभावी संचालन, एसडीआरएफ की सतर्क कार्यप्रणाली, जन सूचना रजिस्टर के संधारण, अभय कमांड सेंटर से जुड़े कैमरों की स्थिति, निजी कैमरों के एकीकरण, पुलिस थानों में महिला कर्मियों के लिए सुविधाओं तथा पुलिस लाइन परिसरों में सामुदायिक सुविधाओं के उन्नयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीजी (ट्रेफिक व ट्रेनिंग) श्री अनिल पालीवाल, डीजी (एसओजी) श्री आनंद श्रीवास्तव, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री वी.के. सिंह, एडीजी (क्राइम) श्री बिपीन कुमार पांडे, एडीजी (पीएम एंड डब्ल्यू) डॉ. प्रशाखा माथुर, एडीजी (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ, एडीजी (सिविल राइट) श्रीमती लता मनोज कुमार सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी रतन सिंह ने बुजुर्ग की राह में सुनी पीड़ा, तुरंत निस्तारण के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने आज अपनी संवेदनशीलता और सहृदयता का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। एसपी के इस मानवीय चेहरे और त्वरित एक्शन की आमजन में जमकर सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह जब अपने मार्ग से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की तरफ एक बुजुर्ग को पैदल-पैदल आते देखा। चिलचिलाती धूप और ढलती उम्र में बुजुर्ग को परेशान देख एसपी साहब ने तुरंत अपनी सरकारी गाड़ी को रुकवाया।

गाड़ी रुकवाकर एसपी रतन सिंह खुद बुजुर्ग के पास पहुंचे और बेहद आत्मीयता के साथ उनसे बातचीत की। जब बुजुर्ग ने अपनी पीड़ा और परिवेदना उनके सामने रखी, तो एसपी ने मामले की गंभीरता को तुरंत समझा। उन्होंने बिना समय गंवाए मौके से ही संबंधित विभाग के अधिकारी को फोन लगाया और



बुजुर्ग की समस्या का तुरंत और संतोषजनक समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

### जनता में बढ़ा पुलिस के प्रति विश्वास

पुलिस के आला अधिकारी को इस तरह एक आम और बुजुर्ग नागरिक की मदद के लिए सड़क पर उतरते देख वहां मौजूद हर कोई प्रभावित नजर आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसपी साहब के इस कदम से न केवल पीड़ित बुजुर्ग को तुरंत राहत मिली है, बल्कि आमजन में 'अपराधी में डर, आमजन में विश्वास' का नारा भी सच साबित हुआ है।

**एमआरएस की बैठक का आयोजन स्थानीय विधायक मनीष यादव की अध्यक्षता में आयोजित**

# विधायक ने जताई नाराज़गी, अस्पताल प्रबंधन को लगाई फटकार

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)**। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में उप जिला अस्पताल शाहपुरा में एमआरएस की बैठक का आयोजन स्थानीय विधायक मनीष यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, संसाधनों और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गोरतलब है कि अस्पताल में लगभग 22 द्यड्डद्धद्ध की राशि रूस् फण्ड में है जिससे विकास कार्य करवाने को लेकर बैठक का नियमित आयोजन किया गया। बैठक से पहले विधायक मनीष यादव ने अस्पताल का जायजा लिया। विधायक ने अस्पताल में फैली अव्यवस्था व सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए पीएमओ को फटकार लगाई। अस्पताल के बायो वेस्ट के सामान्य कचरे डालने पर लताड़



लगाई। तथा बायो वेस्ट के समुचित निस्तारण के निर्देश दिये।

विधायक ने अस्पताल में मरीजों से मिलकर दवा वितरण काउंटरों का निरीक्षण भी किया।सैंपल टेस्ट काउंटर को दोपहर 12 बजे बंद करने पर विधायक ने नाराजगी जताई तथा इसे निर्धारित समय तक संचालित रखने के निर्देश दिए। वहीं एनसीडी काउंटर बंद मिलने पर भी विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए, ताकि 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की सामान्य जांचें एक ही काउंटर पर हो सकें।

विधायक ने अस्पताल परिसर में बने सुलभ शौचालय को 24 घंटे खुला रखने तथा अस्पताल के एक बंद गेट को खोलने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रसूति कक्ष एवं अन्य शौचालयों को पूर्व में बने सेफ्टी टैंक से जोड़ने, अस्पताल में बरसाती नालों को बदलवाने और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में दवा वितरण केन्द्रों के खराब काउंटरों को लेकर चर्चा की गई, अस्पताल में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा अस्पताल परिसर की पश्चिमी बाउंड्री वॉल पर कांटेदार तार लगाने को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावा अस्पताल में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति, जन औषधि केन्द्र संचालन तथा एक्स-रे विभाग में आधुनिक प्रिंटिंग सुविधा शुरू करने के लिए विभागीय मार्गदर्शन लेने का प्रस्ताव रखा गया। सभी अनुभागों के डेटा को ऑनलाइन करने के लिए नए कंप्यूटर और लेजर प्रिंटर खरीदने पर भी चर्चा हुई।

अस्पताल में बेडशीट, ओटी शीट और गाउन को लेकर चर्चा की गई। वहीं अस्पताल की बाहरी दीवारों की मरम्मत के लिए संबंधित विभाग से तकमीना तैयार कर अनुमति लेने का प्रस्ताव रखा गया। स्टोर रूम में दवाइयों के सुरक्षित रख-रखाव हेतु रैक लगाने तथा नेत्र चिकित्सा शिविरों में मोतियाबिंद ऑपरेशन मरीजों को प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने के संबंध में सक्षम अधिकारियों से मार्गदर्शन लेने का प्रस्ताव भी रखा गया।

बैठक में ईसीजी टेक्नीशियन उपलब्ध होने पर नई मशीनें लगाने पर चर्चा की गई। साथ ही अस्पताल में एसी, पंखे और कूलर लगाने तथा समय पर इलेक्ट्रिक एवं फायर ऑडिट करवाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। विधायक मनीष यादव ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से करवाए जाएंगे। बैठक में संयुक्त निदेशक यदुराज सिंह, पीएमओ विनोद योगी, बीसीएमओ मोहित माथुर तथा पूर्व पीएमओ हरीश वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 4 खाद-बीज भंडारों पर औचक छापा, सैंपल लिए

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** रास कृषि आयुक्तालय के निर्देशानुसार जिले के किसानों को सही कीमत पर गुणवत्तापूर्ण और प्रामाणिक कृषि आदान (खाद, बीज, कीटनाशक) उपलब्ध कराने के लिए 15 मई 2026 से विशेष 'सघन गुण नियंत्रण अभियान' चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार, 18 मई 2026 को कृषि विभाग की टीम ने रास क्षेत्र में ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों और अनियमितताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाया।

### महिला निरीक्षकों की टीम ने संभाली कमान

क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के हुई इस छापेमारी से आदान विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। इस औचक निरीक्षण दल में आदान निरीक्षक श्रीमती मीनाक्षी जैन, प्रियंका जाखड़ और पूर्ति दगदी शामिल रहीं। टीम ने रास कस्बे और आस-पास की प्रमुख कृषि इनपुट दुकानों के स्टॉक,



पीओएस मशीन, बिलिंग और मूल्य सूची की बारीकी से जांच की।

### इन फर्मों पर गिरती गाज, बीटी कपास के नमूने जब्त

निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की प्रमुख फर्मों—मैसर्स गणपति खाद बीज भंडार, सांखला कृषि सेवा केंद्र, श्री महादेव एग्रो सेल तथा श्री ओम बीज भंडार के यहाँ रिकॉर्ड में भारी कमियां और अन्य अनियमितताएं पाई गईं।

मौके पर ही कार्रवाई करते हुए निरीक्षण दल ने: सभी दोषी फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। खरीफ सीजन को देखते हुए बीटी कपास के बीज के नमूने आहरित किए। इन सभी नमूनों को सील कर तुरंत गुणवत्ता जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है।

### अधिकारियों की चेतावनी:

कृषि विभाग के अधिकारियों ने साफ किया है कि लैब रिपोर्ट में यदि बीज या खाद अमानक पाए जाते हैं, तो संबंधित डीलरों के लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसानों से तय कीमत से अधिक वसूलने या नकली सामान बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# एनडीपीएस मामले में 1 साल से फरार आरोपी महावीर सुखवाल गिरफ्तार; अभियान में अब तक 7 धरे गए

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/जैतारण।** नशे के कारोबारियों और वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जैतारण थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहे इनामी/वांछित आरोपी महावीर प्रसाद सुखवाल को गिरफ्तार कर लिया है। नशे के कारोबार के खिलाफ पिछले तीन महीनों में जैतारण पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया यह सातवां फरार आरोपी है।

### तकनीकी टीम और मुखबिर तंत्र की मदद से दबोचा

जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार ब्यावर जिले में लंबे समय से फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ब्यावर) डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी (जैतारण) सतेन्द्र सिंह नेगी के सुपरविजन में जैतारण थानाधिकारी धोलाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहयोग की मदद से आरोपी का लगातार पीछा किया। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे दस्तयाब किया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### चित्तौड़गढ़ का रहने वाला है आरोपी

थानाधिकारी धोलाराम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महावीर प्रसाद सुखवाल (28) पुत्र चतुर्भुज सुखवाल, चित्तौड़गढ़ जिले के राश्मी थाना इलाके के 'दड़वा' (ग्राम पंचायत भालोटा की खेड़ी) का निवासी है। आरोपी के खिलाफ जैतारण थाने में प्रकरण संख्या 149/2025 के तहत धारा 8/15 और 8/29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज था, जिसमें वह पिछले एक साल से पुलिस को छका रहा था। पुलिस अब आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

### इस टीम को मिली कामयाबी

आरोपी को दबोचने वाली पुलिस टीम में जैतारण थानाधिकारी धोलाराम के साथ हेड कांस्टेबल राजाराम (1291), कांस्टेबल प्रहलाद (470), कांस्टेबल शिवनारायण (637), कांस्टेबल हेमराज (663) और कांस्टेबल किशोर (612) शामिल रहे। अपराधियों को पकड़ने में इस टीम की मुस्तैदी की उच्चाधिकारियों द्वारा सराहना की गई है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री और नकली दवाओं के विरोध में आज मेड़ता रोड के मेडिकल स्टोर रहेंगे बंद

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** क्षेत्र में बुधवार को सभी मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। यह बंद 'ऑल इंडिया एवं राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन' के आह्वान पर ऑनलाइन दवा बिक्री तथा बाजार में बढ़ रही नकली और घटिया गुणवत्ता की दवाइयों के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय केमिस्ट एसोसिएशन ने क्षेत्र के सभी दवा विक्रेताओं से इस एक दिवसीय बंद को सफल बनाने की अपील की है।

मेड़ता रोड केमिस्ट एसोसिएशन के अनुसार ऑनलाइन फार्मेसी के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय मेडिकल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन का कहना है कि बिना उचित सत्यापन और चिकित्सकीय निगरानी के इंटरनेट के माध्यम से दवाइयों की बिक्री आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। एसोसिएशन ने बाजार में नकली और निम्न गुणवत्ता वाली



दवाइयों के बढ़ते नेटवर्क पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि ऐसी दवाइयां लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डाल सकती हैं। संगठन की प्रमुख मांगों में ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण तथा नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शामिल है।

केमिस्ट एसोसिएशन ने कहा कि यह आंदोलन केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा, 'यह लड़ाई केवल केमिस्टों के व्यवसाय की नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ रोकने की भी है।'

मेडिकल स्टोर बंद रहने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को दवाइयां खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, एसोसिएशन ने दावा किया है कि आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सेवाओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नाथू सिंह मीना को किया सम्मानित

## 'उजर बस्तर' कार्यक्रम में नक्सल विरोधी अभियान में उत्कृष्ट कार्य हेतु मिला प्रशस्ति पत्र



स्मार्ट हलचल

**जयपुर/रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को बस्तर में आयोजित 'उजर बस्तर - बदलते बस्तर की नई पहचान' कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के जयपुर जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मानोता गांव निवासी झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी नाथू सिंह मीना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

यह सम्मान झारखंड राज्य में नक्सल विरोधी अभियान एवं शांति स्थापना में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय एवं साहसिक कार्यों के लिए दिया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आईपीएस नाथू सिंह मीना को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जयपुर में कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न, ब्यावर से डॉ. नरेंद्र काठात ने दर्ज कराई दमदार मौजूदगी

## गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में हुई बैठक; संगठन विस्तार, जनसेवा और स्वास्थ्य हेल्पलाइन को लेकर हुई अहम चर्चा, ब्लॉक स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ की वार्षिक बैठक जयपुर स्थित आरएएस क्लब में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में ब्यावर जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र काठात ने शिरकत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनसेवा से जुड़े मुद्दों पर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। बैठक का शुभारंभ चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास महला द्वारा सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली



तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सी.पी. जोशी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में विधायक रफीक खान, विधायक रोहित बोहरा, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।



### ब्लॉक स्तर तक संगठन विस्तार पर चर्चा

चिकित्सा प्रकोष्ठ के संगठन महासचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेशभर से जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए सभी जिला इकाइयों को ब्लॉक स्तर तक कार्यकारिणी गठन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संगठन विस्तार, जनसंपर्क और चिकित्सा सेवा के माध्यम से आमजन तक पहुंच बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### डोटासरा ने की 'जन स्वास्थ्य हेल्पलाइन' की सराहना

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठ जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तकयू आमजन की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डोटासरा ने प्रदेशभर में संचालित 'जन स्वास्थ्य हेल्पलाइन सेवा' को भी जनहित में एक बेहद सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया।

### चिकित्सा सेवा से पहुंचाएंगे आमजन को राहत: डॉ. काठात

बैठक के पश्चात ब्यावर जिला अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र काठात ने सभी शीर्ष पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्ष साथियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि: 'संगठन की मजबूती और चिकित्सा सेवा के माध्यम से आमजन तक राहत पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। ब्यावर जिले के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं के साथ संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देते रहेंगे।' कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. लोकेश मान ने किया, जबकि अंत में संगठन महासचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# छीना-छपटी के मामले में चार दिन में आरोपी को गिरफ्तार कर खुलासा

स्मार्ट हलचल

**टोंक/पीपलू।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्थान पुलिस की पीपलू थाना पुलिस ने बनास नदी स्थित गहलोद पुलिया के पास हुई 7 हजार रुपये की छीना-छपटी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीनी गई राशि में से 1 हजार रुपये बरामद किए हैं। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं वृत्ताधिकारी पीपलू रामअवतार चौधरी के निकटतम सुपरविजन में थाना प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 16 मई को परिवादी मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी टोंक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गहलोद पुलिया बनास नदी के पास दो नकाबपोश युवकों ने मारपीट कर तथा चाकू दिखाकर उससे 7 हजार रुपये छीन लिए थे।मामले में थाना पीपलू में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी रामराज उर्फ रामू पुत्र शंकर लाल (18) निवासी ककराज खुर्द थाना बरौनी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुनसान स्थानों पर अकेले व्यक्तियों को निशाना बनाकर डरा-धमकाकर छीना-छपटी की वारदातों को अंजाम देते थे।



# गोंद कतीरा से बनाएं 3 डिफरेंट और टेस्टी ड्रिंक्स, गर्मियों में भी रहेंगे कूल-कूल

समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली तीन अलग-अलग टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिलचिलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है।

ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली तीन अलग-अलग टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

## पुदीना-नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें।

अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें।

फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें।

एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें।

इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें।

बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

गोंद कतीरा तरबूज शर्बत रेसिपी

गोंद कतीरा तरबूज शर्बत बनाने के लिए गोंद कतीरा को भिगो दें।

अब तरबूज को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।

फिर मिक्सर जार में इसको पीस लें।

अब एक गिलास में गोंद कतीरा, तरबूज पेस्ट, तरबूज के कटे टुकड़े डालकर मिक्स करें।

इसके ऊपर से ठंडा पानी, काला नमक और बर्फ डालकर मिलाएं और फिर सर्व करें।

गोंद कतीरा मैंगो शेक रेसिपी

सबसे पहले गोंद कतीरा को कुछ देर के लिए पानी में भिगो दें।

फिर आम का छिलका हटाकर उसको टुकड़ों में काट लें।

अब एक जार में आम के टुकड़े, दूध और चीनी डालकर शेक बना लें।

इस शेक को एक बर्तन में निकाल लें और इसमें गोंद कतीरा मिलाएं।

इसमे कुछ आम के टुकड़े डालकर अच्छे से मिक्स करें।

फिर गिलास में कुछ बर्फ के टुकड़े डालें और ऊपर से मैंगों शेक डालें।

इस आसान तरीके से गोंद कतीरा मैंगो शेक बनकर तैयार हो जाएगा।

# अदरक को लंबे समय तक कैसे करें स्टोर? फ्रेश रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स!



अदरक को आप अपने घर पर ही आसानी से लंबे समय तक स्टोर कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ घरेलू उपाय को अपना सकते हैं।

भारतीय रसोई में अदरक का उपयोग काफी लंबे समय से होता रहा है। चाय हो या फिर कोई अन्य तरह की सब्जियां, इसके बिना स्वाद फीका पड़ जाता है। कई बार अदरक को लोग काफी मात्रा में खरीद लेते हैं, जो समय के साथ खराब होने लगता है। आप अदरक को घर पर आसानी से लंबे समय के लिए भी स्टोर कर सकते हैं, जिससे यह अधिक समय तक ताजा बना रहेगा। इस लेख में हम आपके लिए अदरक को स्टोर करने के लिए एकदम सस्ता उपाय बताने वाले हैं, जिससे आप न सिर्फ अदरक को फ्रेश रख सकते हैं, बल्कि आपको बार-बार इसको मार्केट से खरीदने की भी जरूरत नहीं होगी।

### अदरक का पाउडर बनाएं

आप अदरक को सुखाकर पाउडर भी बना सकते हैं। अगर आपके पास अधिक मात्रा में अदरक है, तो उसे सबसे पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस तरह आप ड्राई जिंजर पाउडर को आप कई महीनों तक उपयोग कर सकते हैं।

### पेपर में लपेटकर फ्रिज में करें स्टोर

अदरक को स्टोर करने के लिए आप पेपर का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए आप अदरक को सही से धोकर सुखा लें। सूखने के बाद इसे पेपर में लपेटें। अब इसको एक एयरटाइट प्लास्टिक बैग में डालकर फ्रिज में रख दें। इस तरह अदरक करीब एक माह तक फ्रेश बनी रहेगी।

### छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर करें स्टोर

अदरक को आप छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर भी स्टोर कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले इसको कद्दूकस या फिर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसको एयरटाइट बॉक्स में रखकर फ्रीजर में स्टोर करें। इस तरह यह अदरक लंबे समय तक खराब नहीं होगी।

### मिट्टी के बर्तन में करें स्टोर

अदरक को पुराने समय में मिट्टी के बर्तन में स्टोर किया जाता था, जिससे यह लंबे समय तक खराब नहीं होता था। आप भी इस तरह से अदरक को स्टोर कर सकते हैं। इसके लिए आप मार्केट से मिट्टी के बर्तन को खरीद लें। आप मटकी का उपयोग कर सकते हैं। इसमें अदरक को सुखाकर रखें। इस तरीके से आप बिना फ्रिज के भी अदरक को कई महीनों तक स्टोर कर सकते हैं।



# इस तरह बनाएंगे भरवां करेले तो हफ्तों तक नहीं होंगे खराब

करेले को अगर सही तरीके से न बनाया जाए तो इसका स्वाद बेस्वाद हो सकता है। यहां हम आपके लिए पंजाबी स्टाइल में करेला बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं। इसे बनाकर आप करीब 10 दिन तक फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं।

स्वाद में कड़वा करेला सेहत के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। कोई सेहतमंद होने के लिए इसका जूस पीता है तो किसी को करेले की सब्जी बहुत अच्छी लगती है। विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्वों से भरपूर ये सब्जी यूं तो अमूमन हर घर में बनती है। लेकिन क्या कभी आपने पंजाबी स्टाइल में भरवां करेले बनाए हैं। ये न केवल स्वाद में बेहद टेस्टी होते हैं बल्कि इन्हें लंबे समय तक स्टोर भी किया जा सकता है। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

भरवां करेला रेसिपी

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

5-6 करेला

1 बड़ा प्याज बारीक कटा

1 स्पून अमचूर पाउडर

1 स्पून भुना जीरा पाउडर

1 स्पून सौंफ पाउडर

आधा स्पून लाल मिर्च पाउडर

आधा स्पून हल्दी पाउडर

1 स्पून धनिया पाउडर

एक पिंच हींग

नमक स्वादानुसार

तलने के लिए तेल


भरवां करेला बनाने की रेसिपी

पंजाबी स्टाइल में भरवां करेला बनाने के लिए सबसे पहले करेला को हल्का चाकू से छील लें। इसके बाद करेले को धोकर बीच में कट लगा दें। अगर बीज पसंद हैं तो रहने दें। वहीं अगर बीज पके हुए हैं तो इन्हें निकाल दें। इससे करेले में भरावन के लिए जगह बन जाएगी। करेले का कड़वापन दूर करने के लिए नमक लगाकर करीब 2 घंटे के लिए छोड़ दें। करेले के मसाले की तैयारी शुरू करें। इसके लिए सबसे पहले कड़ाही में तेल गर्म करें। फिर इसमें प्याज डालकर भूनें। प्याज के गोल्डन ब्राउन होने तक उसमें हल्दी पाउडर डालें।

फिर धनिया पाउडर, हींग, जीरा पाउडर मिलाएं। इसके बाद सौंफ पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक मिलाएं। खट्टेपन के लिए अमचूर पाउडर डालें। गैस बंद कर दें। अब नमक लगे करेला को दबाकर सारा पानी निकाल दें। करेले में जहां कट लगाया था वहां भरावन भरते जाएं। करेला को अच्छी तरह से दबा दें। ताकि मसाला बाहर न निकले।

जब सारे करेले भर जाएं तब कड़ाही में ऑयल डालें। आप चाहें तो इसे धागे से बांध भी सकती हैं। ताकि मसाला बाहर न निकले। अब तेल डालकर इसे फ्राई कर लें। फिर गैस को स्लो करके कम कर दें और ढ़क दें। बीच-बीच में करेला को पलटते रहें और पूरी तरह फ्राई होने तक पकाएं। दवा कर चेक करें कि ये पका है या नहीं। आप फ्रिज में इसे लंबे समय स्टोर कर सकती हैं।

# तेज धूप से हाथों का रंग हो गया है काला तो ट्राई करें ये नुस्खा, तुरंत साफ होगी स्किन



**गर्मियों में हम सभी अधिकतर कट स्लीव्स वाले कपड़े अधिक पहनते हैं। जिसकी वजह से हमारे हाथों पर अधिक टैनिंग नजर आती है और टैनिंग रिमूव करने के लिए प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का असर कुछ ही समय रहता है।**

बढ़ती धूप की वजह से हमारी त्वचा पर पसीना निकलता है, जिससे हमारी स्किन पर टैनिंग की समस्या सबसे ज्यादा होती है। क्योंकि गर्मियों में हम सभी अधिकतर कट स्लीव्स वाले कपड़े अधिक पहनते हैं। जिसकी वजह से हमारे हाथों पर अधिक टैनिंग नजर आती है और टैनिंग रिमूव करने के लिए प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का असर कुछ ही समय रहता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकते हैं, जिससे आपकी त्वचा इवन नजर आएगी।

### चावल के आटे का इस्तेमाल

चेहरे की चमक के लिए हम अक्सर चावल के आटे का इस्तेमाल करते हैं। आप चाहें तो हाथों की टैनिंग के लिए भी चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसका स्क्रब बनाकर अप्लाई करें। जिससे आपकी स्किन इवन नजर आएगी।

### चावल के आटे का स्क्रब

सबसे पहले एक कटोरी में चावल का आटा ले लें।

फिर इसमें थोड़ा सा दही और थोड़ा सा गुलाबजल मिलाएं।

अब इसका पेस्ट बनाकर अपने हाथों पर अप्लाई करें।

इसके बाद 10 मिनट के लिए सूखने के लिए छोड़ दें।

फिर किसी गीले कपड़े से हाथों को साफ कर लें।

इससे आपके हाथों की टैनिंग कम होगी।

आप कम से कम 10-15 दिन तक इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### टमाटर का इस्तेमाल

टैनिंग रिमूव करने के लिए टमाटर को सबसे अच्छा माना जाता है और यह इस मौसम में काफी सस्ता भी मिल रहा है। असल, में टमाटर में नेचुरल ब्लीचिंग गुण पाए जाते हैं, जिससे स्किन आसानी से साफ होती है और आप हाथों पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ऐसे लगाएं टमाटर

एक टमाटर लेकर इसको काट लें।

अब इसमें थोड़ी सी चीनी लगाएं।

वहीं अब अपने हाथों को रब करना है।

इससे आपकी स्किन इवन नजर आने लगेगी।

इन तरीकों से आप टैनिंग वाले हाथों को साफ कर सकती हैं। इससे आपके हाथ साफ-सुथरे लगेंगे और हाथों पर कालापन भी नहीं नजर आएगा। इस तरह से टैनिंग रिमूव कर सकते हैं। हालांकि इसको अप्लाई करने से पहले पैच टेस्ट करना न भूलें। इससे आपको अंदाजा हो जाएगा कि स्किन पर किस चीज को लगाना चाहिए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com